ईश्वर अनेक गुण, कर्म, स्वभाव से युक्त है, जिनमें निराकार एक गुण है। ईश्वर सर्वज्ञ है और सर्वज्ञ वही हो सकता है जो सर्वव्यापक हो, इसलिए ईश्वर सर्वव्यापक भी है। सर्वव्यापक वही हो सकता है जो अतिसूक्ष्म हो। इसलिए अतिसूक्ष्म होने से ईश्वर निराकार है।

अकामो धीरो अमृतः स्वयम्भू रसेन तृप्तो न कृतश्चनोनः।
तमेव विद्वान न बिभाय मृत्योरात्मानं धीरमजरं युवानम्॥

इस मंत्र के अनुसार, ईश्वर अमृत है अर्थात् मृत्यु रहित और अविनाशी है। प्रकृति से बनी वस्तु का नाश होता है, परंतु ईश्वर अमृत होने से शरीर धारण नहीं करता, इसलिए ईश्वर निराकार है। इसी मंत्र के अनुसार, ईश्वर स्वयंभू है अर्थात् ईश्वर की संयोग से उत्पत्ति और वियोग से विनाश नहीं होता। जन्म और वृद्धि ईश्वर का नहीं होता। ईश्वर का माता-पिता या गर्भाधारण नहीं होता, इसलिए ईश्वर निराकार है। आकार वाली वस्तु कभी भी व्यापक नहीं हो सकती, परमाणु आदि में व चेतन आत्माओं के अंदर प्रवेश नहीं कर सकती, किंतु ईश्वर तो व्यापक है। प्रत्येक जड़-चेतन पदार्थ के अंदर-बाहर व्यापक रूप से विद्यमान है। इसलिए ईश्वर निराकार है।

स पर्यगाच्छुक्रमकायमव्रणमस्नाविरं शुद्धमपापविद्धम्।
कविर्मनीषी परिभूः स्वयम्भूर्याथातथ्यतोऽर्थान् व्यदधात् शाश्वतीभ्यः समाभ्यः॥

इस मंत्र के अनुसार, ईश्वर अकायम (शरीर रहित) है, इसलिए वह निराकार है। अव्रणम् (छिद्र रहित) होने के कारण भी ईश्वर निराकार है। अस्नावीरं (नस-नाड़ियों से रहित) होने के कारण ईश्वर निराकार है।

परित्य भूतानि परित्य लोकान्परित्सर्वाः प्रदिशोदिशश्च।
उपस्थाय प्रथमजोऽमृतस्य आत्मनात्मानमभि सं विवेश॥

इस मंत्र के अनुसार, ईश्वर सभी पदार्थों, सभी लोकों और सभी दिशाओं में व्यापक है, इसलिए ईश्वर निराकार है।

य आत्मनि तिष्ठन् आत्मनोऽन्तरो यं आत्मा न वेद। यस्य आत्मा शरीरम्।
य आत्मानमन्तरो यमयति। एष त आत्मान्तर्याम्यमृतः॥

इसमें कहा गया है कि परेमश्वर, आत्मा अर्थात् जीव में स्थित है जीव निराकार है और उसमें निराकार अतिसूक्ष्म ईश्वर ही विद्यमान हो सकता है इसलिए ईश्वर निराकार है। न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नाम महद्यशः। हिरण्यगर्भ इत्येषः मा मा हिंसीदिति एषः। यस्मान्न जात इत्येषः। वेद में स्पष्ट वर्णन है कि ईश्वर की प्रतिमा अर्थात् परिमाण प्रतिकृति, मूर्ति व आकृति नहीं है इसलिए ईश्वर निराकार है।

अशरीरं शरीरेष्वनवस्थेष्ववस्थितम्।
महान्तं विभुमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति॥

इस श्लोक में ईश्वर को अशरीरं अर्थात् शरीर रहित परन्तु सभी शरीरों में व्यापक बतलाया गया है। इसलिए ईश्वर निराकार है।

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्॥

प्रकृति से लेकर पृथ्वी पर्यन्त जगत् के सब जड़ चेतन, स्थूल-सूक्ष्म-व्यापक रूप से है। अन्दर बाहर ईश्वर व्याप्य-व्यापक रूप से विद्यमान है। इसलिए ईश्वर निराकार हैं।

तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके।
तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः॥

ईश्वर सब जीवों और प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष जगत् के अंदर बाहर व्यापक रूप से विद्यमान है। नमो ब्रह्मणे। नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। ऋतं वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु माम्। अवतु वक्तारम्। इसकी व्याख्या में महर्षि दयानंद सत्यार्थ प्रकाश के प्रथम समुल्लास में कहते हैं: 'हे परमेश्वर! आप ही अंतर्यामी रूप से ब्रह्म हैं। प्रत्यक्ष में आप ही को प्रत्यक्ष कहूँगा, क्योंकि आप सब जगह में व्यापक होकर सबको नित्य ही प्राप्त हैं।' सब जगह में व्यापक वस्तु निराकार ही हो सकती है, साकार नहीं। इसलिए ईश्वर निराकार हैं।

अपाणिपादो जवनो ग्रहीता पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः। स वेत्ति वेद्यम् न च तस्यास्ति वेत्ता तमाहुरग्र्यं पुरुषं महान्तम्।

ईश्वर के हाथ नहीं परन्तु बिना हाथों के जगत् का रचन ग्रहण करता पैर नहीं सर्वत्र व्यापक रूप से विद्यमान, आंखें नहीं बिना आंखों के देखता, कान नहीं बिना कानों के सबकी बातें सुनता अर्थात् ईश्वर बिना शरीर वाला निराकार हैं। सब जगत् की उत्पत्ति, स्थिति व प्रलय के सब काम अपने अनन्त सामर्थ्य से करता है। ऐसे-ऐसे अनेकों प्रमाण वेद व अन्य सत्य शास्त्रों में विद्यमान है जिनसे ईश्वर के निराकार होने में कोई संदेह नहीं रह जाता हैं।

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा शास्त्रं तस्य करोति किम्।
लोचनाभ्यां विहीनस्य दर्पणः किं करिष्यति॥

जिस प्रकार से अन्धे व्यक्ति के लिए दर्पण कुछ नहीं कर सकता, उसी प्रकार से विवेकहीन व्यक्ति के लिए शास्त्र भी कुछ नहीं कर सकते।

मानवजीवने मौनस्य विज्ञानम्



आयुष
कला स्नातक (प्रोग्राम)
तृतीय वर्ष

मानवजीवनं बहुविधचिन्ताभिः, कार्यभारैः, कोलाहलैः च परिपूर्णम् अस्ति। अस्मिन् व्यस्ते जगति मौनस्य महत्त्वं दिनप्रतिदिनं वर्धते। "मौनम्" इति शब्दः सामान्यतया वचनस्य अभावः इति बोधयति, किन्तु तस्य गूढार्थः अधिकः गम्भीरः अस्ति। मौनं न केवलं वाचिकनिरोधः, अपितु मानसिकशान्तिः, आत्मनिग्रहः, विचारशुद्धिः च अस्ति।

प्राचीनभारतीयसंस्कृतौ मौनस्य विशेषं स्थानं दृश्यते। ऋषयः, मुनयः, तपस्विनः च मौनव्रतं धारयित्वा आत्मज्ञानस्य प्राप्तिं कृतवन्तः। ते मन्यन्ते स्म यत् मौनं आत्मचिन्तनस्य द्वारम् अस्ति। यदा मनुष्यः बाह्यशब्देभ्यः दूरं गच्छति, तदा सः स्वान्तःकरणस्य स्वरं श्रोतुं समर्थः भवति। एषः अनुभवः आत्मविकासाय अत्यन्तं उपयोगी भवति।

मौनस्य विज्ञानं अपि अद्यतनसमये स्वीक्रियते। वैज्ञानिकाः वदन्ति यत् निरन्तरशब्दप्रदूषणं मनसि तनावं जनयति। मौनस्य अभ्यासेन मनः शान्तिं लभते, रक्तचापः नियन्त्रणं भवति, चित्तस्य एकाग्रता वर्धते। ध्यानयोगे मौनस्य विशेषः उपयोगः अस्ति। ध्यानकाले मौनं मनसः स्थिरतां जनयति, यया मनुष्यः गहनविचारान् कर्तुं शक्नोति। अधुना युगः अत्यन्तं तीव्रगत्याः अस्ति। सर्वत्र दूरवाणी, सामाजिकमाध्यमानि, यन्त्राणि च निरन्तरं शब्दं उत्पादयन्ति। एतस्मिन् परिवेशे मनुष्यः स्वस्य अन्तःशान्तिं विस्मरति। अतः मौनस्य अभ्यासः अनिवार्यः जातः। प्रतिदिनं किञ्चित्कालं मौनं धारयित्वा मनुष्यः स्वस्य जीवने सन्तुलनं स्थापयितुं शक्नोति।

मौनं न केवलं मानसिकलाभान् ददाति, अपितु सामाजिकजीवने अपि महत्त्वपूर्णं स्थानं धारयति। यदा मनुष्यः अनावश्यकवचनं न करोति, तदा विवादाः न्यूनाः भवन्ति। मौनं धैर्यस्य, सहनशीलतायाः च प्रतीकं अस्ति। उचितसमये मौनं धारयितुं ज्ञातुं बुद्धिमत्ता आवश्यकम्। अन्ततः वयं वक्तुं शक्नुमः यत् मौनं मानवजीवने अमूल्यं साधनम् अस्ति। एतत् आत्मशान्तेः, स्वास्थ्यस्य, ज्ञानस्य च मूलं अस्ति। यदि मनुष्यः मौनस्य विज्ञानं सम्यक् अवगच्छति, तर्हि सः जीवने सफलतां, सन्तोषं च प्राप्तुं शक्नोति।

वाणी रसवती यस्य यस्य श्रमवती क्रिया।
लक्ष्मीः दानवती यस्य सफलं तस्य जीवितम्॥

जिस मनुष्य की वाणी मीठी हो, जिसका काम परिश्रम से भरा हो, जिसका धन दान करने में प्रयुक्त हो, उसका जीवन सफल है।

वेद रहस्य



रौनक
कला स्नातक (प्रोग्राम)
द्वितीय वर्ष

वेद भारतीय संस्कृति, सभ्यता और चिंतन परंपरा के मूल स्रोत हैं और इन्हें संसार का सबसे प्राचीन ज्ञान-साहित्य माना जाता है; 'वेद' शब्द संस्कृत की विद् धातु से उत्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है जानना या ज्ञान प्राप्त करना, अतः वेद मानव जीवन को ज्ञान, विवेक और सत्य का मार्ग दिखाने वाले ग्रंथ हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा में अपौरुषेय कहा गया है, अर्थात् ये किसी मनुष्य द्वारा रचित नहीं हैं, बल्कि दिव्य ज्ञान के रूप में ऋषियों को प्राप्त हुए; वेद चार हैं -ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद! ऋग्वेद में प्राकृतिक शक्तियों और देवताओं की स्तुति के मंत्र हैं, यजुर्वेद में यज्ञ, कर्मकांड और धार्मिक विधियों का वर्णन है, सामवेद में संगीतमय मंत्रों के माध्यम से भारतीय संगीत की नींव रखी गई है तथा अथर्ववेद में सामान्य जनजीवन, रोग-निवारण, सामाजिक व्यवस्था और मनोवैज्ञानिक विचारों का समावेश मिलता है। वेद केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं हैं, बल्कि ये मानव जीवन के सामाजिक, नैतिक, वैज्ञानिक और दार्शनिक पक्षों को भी समाहित करते हैं, इनमें प्रकृति को माता के रूप में सम्मान दिया गया है, जिससे पर्यावरण संरक्षण और संतुलन का संदेश मिलता है, साथ ही 'ऋत' की अवधारणा के द्वारा सत्य, नियम और नैतिकता को जीवन का आधार बताया गया है; वेदों से ही उपनिषद, ब्राह्मण और आरण्यक ग्रंथों का विकास हुआ, जिन्होंने आत्मा, ब्रह्म, कर्म और मोक्ष जैसे गूढ़ दार्शनिक सिद्धांतों को जन्म दिया और कर्म, ज्ञान व भक्ति के मार्गों की स्थापना की; आज के आधुनिक युग में भी वेद उतने ही प्रासंगिक हैं, क्योंकि वे मानव को भौतिक प्रगति के साथ-साथ आध्यात्मिक संतुलन, शांति और सार्वभौमिक भाईचारे की शिक्षा देते हैं, जिसका भाव इस श्लोक में स्पष्ट दिखाई देता है-"वेदाः ज्ञानप्रदीपाः स्युः, तमसो नाशकारकाः। धर्ममार्गप्रदर्शिनः, जीवनस्य आधारकाः।" अर्थात् वेद ज्ञान के दीपक हैं, अज्ञान के अंधकार को नष्ट करने वाले हैं और धर्म के मार्ग का निर्देशन कर मानव जीवन का आधार बनते हैं; इस प्रकार वेद न केवल भारत की अमूल्य धरोहर हैं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए सत्य, शांति और कल्याण का शाश्वत संदेश देते हैं।

यथाह्ये केन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्।
तथा पुरूष कारेण विनादैवं न सिद्ध्यति।।

जैसे रथ बिना पहिए से नहीं चलता, वैसे ही भाग्य बिना मेहनत के नहीं चलता। जीवन में सफलता के लिए भाग्य और कर्म दोनों का साथ होना जरूरी है।

आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल : व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व




डॉ. राजेश कुमार
सहायक आचार्य (संस्कृत विभाग)



हम सब जिस गौरवमयी संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं। उस संस्कृति का मूल आधार वेद है। संस्कृति में ज्ञान का माहात्म्य बताने के मंत्र कहें गए हैं। यह बात पीजीडीएवी कॉलेज के संस्कृत विभाग की अकादमिक सोसायटी "संस्कृत समवाय" के द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रो. ओमनाथ ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि यह अनुभव स्वयं में सुख देने वाली बात है कि संस्कृत-प्रज्ञा की सेवा में संलग्न पीजीडीएवी कॉलेज के आचार्यजन एवं यहां उपस्थित शोधछात्र एवं प्रिय विद्यार्थी अपनी इस उन्नत और उदात्त ज्ञान परम्परा के महान आराधक श्रद्धेय आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल जी के प्रति अपना आधमर्ण्य भाव एवं पूजा भाव को इस सारस्वत संगोष्ठी के माध्यम से अभिव्यक्त कर रहें हैं। **यादृशो देवः तादृशी** पूजा - ऐसा आभाणक परम्परा में प्रसिद्ध है। ऐसी सारस्वत सपर्या के आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल से बढ़कर पात्र कौन हो सकता है। वस्तुतः यह व्यष्टि से भी अधिक समष्टि का सम्बोधन है। यह एक आचार्य के माध्यम से आचार्य परम्परा का और उससे भी अधिक उच्चतर ज्ञान परम्परा का अर्चन और पूजन है।

इससे पहले पीजीडीएवी कॉलेज के संस्कृत विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रोफेसर गिरिधर गोपाल शर्मा ने उद्घाटन सत्र में स्वागत भाषण देते हुए कहा कि यह हम सबके लिए परम सौभाग्य का विषय है कि आज हमारे महाविद्यालय में संस्कृत जगत् के महनीय आचार्य का आगमन हुआ है। आज हम सब गौरवान्वित एवं अभिभूत हैं। आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए प्रो. गिरिधर शर्मा ने कहा कि आपके कारण ही हमारे महाविद्यालय को यह सौभाग्य मिला जिससे इतने भव्य कार्यक्रम और राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हो सका। इस अवसर पर बीज वक्तव्य संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय के आचार्य प्रो. वेद प्रकाश डिंडोरिया ने दिया। उन्होंने आचार्य सेमवाल की सरलता और सहजता को बताते यह राष्ट्रीय संगोष्ठी आचार्य परम्परा का और उससे भी अधिक उच्चतर ज्ञान परम्परा का अर्चन और पूजन है। प्रो. ओमनाथ बिमली, हिन्दू अध्ययन केन्द्र, अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।



अभिनन्दनपत्रम्

महाचार्यमहाकविश्रीमज्जगदीशप्रसादप्रसादनाय समर्पितम्

पुण्यातिपुण्याया धन्यातिधन्याया परमवन्द्याया देवभुवो गढवालेति नाम्ना सम्प्रति प्रथिताया: पञ्चप्रयागेष्वन्यतमे रुद्रप्रयागे देवर्षिनारदतपोभूमौ मन्दाकिन्यलकनन्दयो: सुरसरितो: सङ्गमे 1944-तमे संवत्सरे 'पिया विप्रो अजायत' जगदीश: पं. भोलादत्तसूनु: अतिशैशवादेवानन्यवैव निजपरम्परानुरूपा सरस्वतीं सेवमानास्तस्या एव भगवत्या: स्तन्यसुधासमुपमप्रसादत्वाऽऽजभवन्त: श्रीमन्त: सेमवाला विद्यास्वखिलास्वपि अवल्म्बेव प्रागल्भिमुपार्जयन् परिणामत: सुभाषाध्ययनस्य उपलब्धे उभे अपि धीरुवाह एम. ए, इति व्याकरणाचार्य इति च पीतस्यापीत्स्याभ्युपाधिध्यां भूषागमन् भवन्त:। पुन: प्रसन्नया निजसरस्वत्या पञ्चाम्बुपाधिन्यपि प्रदेशे वर्त्तमान विश्वेश्वरानन्दविश्वधन्यसंस्कृतभारत-भारत्यनुशीलनसंस्थानं वर्षदशकप्रवस्तीर्णे कालखण्डेऽखण्ड पावयन्तसर्पयन्तोऽभवन् भवन्त:।

श्रीमज्जगदीशप्रसादानां कविताकामिनी चतुर्विंशतिसर्गमयीं गुरुनानकदेवचरितमिति महाकाव्यकृति कुर्वाणा यदा महीयरे, तदैव वस्नन्तमेघादिविलासमकाव्यद्वाकं विदधाना सोल्लासं विलसति स्देव च स्तोत्रैर्विविधैर्देवता स्तुवन्ती वन्दते: स्वयमपि स्तोतव्यतां विधाणा सहृदयहृदयदेवतायतनेषु प्राणत: प्रतिष्ठिता सती देवता इवाऽऽभाति। 'ज्ञास्येष्यज्ञता: कवयो भवन्ति' इति यां काम्पुकि वितथयद्विरलभवद्विराचार्यवर्यैर्वागस्त्रं सव्यासभाष्यं ब्रह्मसूत्रञ्च सशारीरकं कारिकात्मना कुर्वद्भिर्योगानुशासनप्रकाश इति वेदान्तकारिकेति च दर्शनशास्त्रग्रन्थद्वितयमप्रन्थि।

कृतज्ञराष्ट्रस्य महामहिमराष्ट्रपतिना 2017 तमे वर्षे राष्ट्रपतिसम्मानेन सभाजिता वाग्देव्यास्तनया इमे दिल्लीसंस्कृताकादम्या पाणिनिसम्मानो वाल्मीकिसम्मानश्च पञ्जाबसंस्कृताकादम्या शिरोमणिसाहित्यकारसम्मान:, हरियाणासंस्कृताकादम्या साहित्यालङ्कारसम्मान: काशीविद्वत्परिषदा विद्वद्भूषणसम्मानश्चेत्यादिभिर्नानासम्मानैस्तारतम्यमाभूष्यमाणा अभूवन्।

पाण्डेयो भारतेन्दुर्भवच्चरणचञ्चरीको दिल्लीविश्वविद्यालयसंस्कृतविभागस्थाविभक्तहृदयत:।

हुए कहा कि अभी तीन दिन पहले हमने इसी कार्यक्रम के संदर्भ में सेमवाल सर से बातचीत किया तब सर ने कहा कि क्या मेरा आना भी जरूरी है? फिर मैंने कहा कि यह अभिनन्दन कार्यक्रम आपके लिये किया जा रहा है। प्रो. वेदप्रकाश ने इस अभिनन्दन कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम की रूपरेखा चार साल पहले बनी जिसके लिए एक परामर्शक मण्डल बना और काम शुरू हुआ। तमाम तरह कि कठिनाइयों के कारण यह कार्यक्रम आगे की तरफ बढ़ता रहा, अब आज यह कार्यक्रम हो रहा है। इसमें अभिनन्दन ग्रंथ निकालने के लिए सामग्री का संकलन भी शुरू के छह महीने में ही हो गया था। इस अवसर पर एक अभिनन्दन पत्र भी प्रो जगदीश प्रसाद सेमवाल को समर्पित किया गया।

यह अभिनन्दन पत्र संस्कृत विभाग के प्रो. भारतेन्दु पाण्डेय सर ने लिखा था, और उसका वाचन भी उद्घाटन सत्र में **प्रो. भारतेन्दु पाण्डेय** सर ने ही किया। तदुपरान्त अभिनन्दन अंक के लोकार्पण के साथ ही उद्घाटन सत्र सम्पन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में धन्यवाद ज्ञापन पीजीडीएवी कॉलेज के संस्कृत विभाग के वरिष्ठतम आचार्य प्रो. दिलीप कुमार झा सर ने किया। उन्होंने कहा कि आज का आयोजन एक महाकुम्भ जैसा ही है जिसमें दिल्ली और दिल्ली के बाहर के इतने सारे विद्वान शामिल हुए हैं। यह पीजीडीएवी कॉलेज के संस्कृत विभाग के लिए सौभाग्य की बात है कि इतने बड़े और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संगोष्ठी कराने का अवसर उसे मिला। इस उद्घाटन सत्र का संचालन पीजीडीएवी कॉलेज के सबसे लोकप्रिय और कुशल संचालन डॉ. कुलदीप कुमार ने किया। गौरतलब है कि संस्कृत विभाग की अकादमिक संस्था संस्कृत समवाय के बैनरतले संस्कृत – विभाग ने एक भव्य, दिव्य एवं अपने आप में अद्वितीय, अविस्मरणीय एवं अतुलनीय एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का कुशलतापूर्वक संयोजन किया। 5 मार्च 2025 दिन बुधवार को आयोजित संगोष्ठी में संस्कृत जगत् के तीन दर्जन से अधिक स्वनामधन्य आचार्यों की सहभागिता रही। परम आदरणीया प्राचार्या मैम की असीम अनुकंपा और आशीर्वाद से संस्कृत विभाग यह कार्यक्रम कर पाया। इस ज्ञान कुम्भ में सहभागिता करने पंजाब यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, हरियाणा, उत्तराखंड के साथ साथ दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया, जेएनयू के कई संस्कृत विद्वानों के साथ साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के कई विद्वान एवं युवा शोधार्थी पधारे। हिन्दू अध्ययन केन्द्र के निदेशक एवं संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय के यशस्वी अध्यक्ष प्रो. ओमनाथ बिमली, प्रो. वेदप्रकाश डिंडोरिया, प्रो. भारतेन्दु पाण्डेय, प्रो मीरा द्विवेदी, प्रो. रंजीत बेहेरा, डॉ. राजमंगल यादव डॉ. करूणा आर्या, डॉ, संजय यादव की विशेष संबोधन हुआ। मोतीलाल नेहरू कॉलेज से डॉ. चन्द्रशेखर त्रिपाठी ने प्रथम सत्र में आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल कृत मेघविलास में मेघ के विविध रूप विषय पर बहुत सुन्दर शोध आलेख प्रस्तुत किया। मेघविलास 102 पद्यों में रचित है, जिसमें आचार्य सेमवाल

ने मेघ के विविध रूपों को वर्णित किया है। उसका पृथ्वी पर पड़ने वाले प्रभावों का हृदयग्राही चित्रण आधुनिक परिप्रेक्ष्य में किया है। आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल ने प्रकृति के दो मनमोहक ऋतुओं वसंत एवं पावस ऋतुओं का वर्णन किया है।

कुल तीन सत्रों में विभाजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में **प्रथम सत्र की अध्यक्षता अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की अध्यक्षता प्रो. सारिका वार्ष्णेय ने** की। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन के साथ साथ उन्होंने आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल के वेणुगीतशतम् पर अपना बहुत ही सारगर्भित एवं मौलिक शोधपत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वेणुगीतशतम् का हिन्दी अनुवाद सेमवाल जी के जामाता श्रीसर्वेश्वरप्रसाद ने किया तथा टंकण कार्य उनकी पुत्री पूनम सेमवाल ने किया। इन दोनों के प्रयासों से ही यह वेणुगीतशतकम प्रकाशित हुआ है। प्रो. सारिका ने आगे कहा कि आजकल शुभकामना संदेश तथा संवाद के लिए मोबाइल एवं व्हाट्सएप का प्रयोग किया जाता है। एक दिन नरसिंह आचार्य नामक विद्वान ने सेमवाल जी को **वेणुम् वादयते जगत्तर्यगुरुः कृष्णो जगत्प्रीतये...** नाम यह एक चरण श्लोक की समस्या पूर्ति के लिए प्रेषित किया तो सेमवाल जी ने उसे समस्या की पूर्ति कर एक श्लोक लिखकर नरसिंह आचार्य जी के पास भेजा, जिसे देखकर नरसिंह आचार्य प्रसन्न हुए और उनका उत्साहवर्धन किया। तब सेमवाल जी ने प्रतिदिन समस्या पूर्ति के रूप में एक श्लोक लिखा और यह क्रम 100 दिनों तक चला जिसका परिणाम है वेणुगीतशतकम। इसी प्रथम सत्र में संस्कृत विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय की वरिष्ठ आचार्या और दक्षिण परिसर संस्कृत विभाग की प्रभारी प्रो. मीरा द्विवेदी ने-"रसानथर्वणादपि -एक दृष्टि" इस विषय पर अपना विशेष व्याख्या प्रस्तुत किया। प्रो. मीरा द्विवेदी ने कहा कि भारत की जिज्ञासा पूर्ण आस्थावादी परंपरा प्रत्येक ज्ञान विज्ञान का मूल उत्स वेदों में अन्वेषित करती आई है। लौकिक संस्कृत की गद्य, पद्य, नाट्य यदि काव्य विधाएं हो अथवा अलंकार, रस आदि तत्व उनके उद्गम गवेषित करने वाले गवेषकों की गहन दृष्टि सर्वप्रथम अजर, अमर देव काव्य वेद पर केंद्रित होती है काव्य के लिए आवश्यक तत्वों का मूल रूप स्पष्टतः वेदों में देखा जा सकता है। **जग्राह पाठ्यं ऋग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च। यजुर्वेदादभिनयान् रसानथर्वणादपि॥ नाट्यशास्त्र- 1/17**

इस कारिका से भरत ने प्रमाणित करने का प्रयास किया कि नाटक निर्माण की उपयोगी सामग्री का आविर्भाव संहिता काल में हो चुका था। जिसके अनुसार तत्त्ववेत्ता ब्रह्मा ने नाट्यवेद की रचना में ऋग्वेद से पाठ्य, साम से गीत, यजुर्वेद से अभिनय और अथर्ववेद से रसों का ग्रहण किया। पाठ्य, गीत, अभिनय और रस नाट्य के परम आवश्यक तत्त्व हैं। प्रो. मीरा द्विवेदी का समूचा व्याख्यान इसी विषय पर केन्द्रीय था। इसी सत्र में संस्कृत विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सोमवीर सिंगला ने भी अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। किरोड़ीमल कॉलेज से डॉ. रूपेश कुमार चौहान इस इस अवसर पर पधारे। प्रथम सत्र का संचालन पीजीडीएवी कॉलेज के संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. रोहित कुमार ने किया। अतिथियों और वक्ताओं का स्वागत संस्कृत विभाग की डॉ प्रमिता मिश्रा, सुश्री ऋचा और डॉ. पूजा कुमारी ने किया। भोजनावकाश के बाद समापन सत्र हुआ जिसकी अध्यक्षता संस्कृत विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. भारतेन्दु पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल पर लिखे अभिनन्दन पत्र का

वाचन किया। इसी सत्र में संस्कृत विभाग के आचार्य और पीजीडीएवी कॉलेज के गवर्निंग बॉडी के सदस्य प्रो रंजीत बेहेरा ने भी आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया। अपने संबोधन में उन्होंने एनसीईआरटी में आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल के साथ के संस्मरणों को सुनाया। संस्कृत विभाग में हाल ही में ज्वाइन किए एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजमंगल यादव ने भी आचार्य जी के साथ के संस्मरणों को सुनाया। संस्मरणों की श्रृंखला में पीजीडीएवी कॉलेज के उप प्राचार्य प्रो. दरविंदर कुमार ने भी अपने संबोधन में कई संस्मरण को सुनाया। इसी समापन सत्र में आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल सर का भाषण हुआ। जिसमें उन्होंने अपने माँ का उल्लेख करते हुए अत्यधिक भावुक हुए वहीं सेमिनार कक्ष में मौजूद उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सरला सेमवाल की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इनके सहयोग के बिना यह इतनी शास्त्र साधना संभव नहीं होती।

गौरतलब है कि आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल की धर्मपत्नी श्रीमती सरला सेमवाल और उनके पुत्रियाँ अंजू जमलोकी और ऋतंभरा सेमवाल, शिक्षा सेमवाल भी पावन अवसर पर सपरिवार उपस्थित हुई। गौरतलब है कि भारतीय ज्ञान परम्परा के संरक्षण और संवर्धन में विगत हजारों वर्षों में लाखों आचार्यों ने अपना सबकुछ न्योछावर किया है। उन आचार्यों के त्याग, तपस्या, साधना और बलिदान के कारण ही भारतीय ज्ञान परम्परा के वर्तमान स्वरूप का हम सब साक्षात्कार कर पा रहें हैं। संस्कृत साहित्य, भारतीय दर्शन एवं भारतीय ज्ञान-परम्परा में आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल का महनीय योगदान है। 'आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल : व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सङ्गोष्ठी के इस अवसर पर Global Thought (Multidiscipline Bilingual Research Journal (An International Refereed Quarterly Research Journal), Year – 9, Volume – 35, January 2025, ISSN - 2456-0898, के 'आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल अभिनन्दन विशेषाङ्क' का लोकार्पण भी सम्मानीय अतिथियों के द्वारा किया गया।

अंत में संस्कृत विभाग पीजीडीएवी कॉलेज के प्रभारी एवं इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक डॉ. राजेश कुमार ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया, धन्यवाद ज्ञापन के क्रम में उन्होंने कहा कि आचार्य जगदीश प्रसाद सेमवाल से पूरा संस्कृत जगत् उपकृत है। खासतौर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में इस समय जितने भी प्रोफेसर है उन सब को इंटरव्यू में और स्क्रीनिंग में आचार्य जी का महत्वपूर्ण योगदान है। सरल शब्दों में कहें तो उन सबको प्रोफेसर बनने में आचार्य जी का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। सब उनके द्वारा बनाए गए प्रोफेसर है। मैं स्वयं सर के कुल ग्यारह विलास काव्यों में से एक विलास काव्य विडम्बना विलास पर एक शोधपत्र पर लिखा था, जो आदरणीय वेद प्रकाश सर के संपादन में प्रकाशित ग्रंथ में प्रकाशित हुआ था। यह हमारा विशेष सौभाग्य है कि आज आचार्य जी को साक्षात हम सब अभिनंदन कर पा रहे हैं। इस सत्र का शांति पाठ के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

यो ध्रुवाणि परित्यज्य अध्रुवाणि निषेवते।
ध्रुवाणि तस्य नश्यन्ति अध्रुवं नष्टमेव हि॥

जो व्यक्ति निश्चित (उपलब्ध) को छोड़कर अनिश्चित के पीछे भागता है, उसका निश्चित तो नष्ट होता ही है, अनिश्चित भी हाथ नहीं आता (वह भी नष्ट हो जाता है)।

॥ मात्र भाषा नहीं
मातृ भाषा है ॥



संपादकीय

7 नवंबर 2025 को भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदेमातरम्' की रचना के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। महान विद्वान बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 1875 में रचित यह गीत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्राण रहा है। भारत सरकार ने इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने के लिए 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक पूरे देश में 'वंदेमातरम् महोत्सव' मनाने का निर्णय लिया है।

इस ऐतिहासिक गीत की रचना 7 नवंबर 1875 (अक्षयनवमी) को पश्चिम बंगाल के चिनसुरा में हुई थी। बाद में इसे 1882 में बंकिम बाबू के प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' में शामिल किया गया।

1896 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा गाए जाने के बाद यह गीत स्वतंत्रता सेनानियों का मुख्य मंत्र बन गया। यही वह गीत था जिसने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिलाकर रख दी थी। यही गीत हर क्रांतिकारी के लिए फांसी के फंदे पर झूलने से पहले का अंतिम गीत बना था।

आज हमारा यह राष्ट्रीय गीत अपने एक सौ पचास वर्ष पूरे कर रहा है। भारत सरकार ने इस अवसर को राष्ट्रीय गौरव के उत्सव के रूप में मनाने का संकल्प लिया है जिसका उद्देश्य है कि हर भारतीय ''एकभारत, श्रेष्ठभारत'' की भावना को सुदृढ़ कर सके।

स्वतन्त्रता सेनानियों की तरह हमने आजादी की कीमत नहीं चुकाई बल्कि इस गीत को उन से उपहार में प्राप्त किया है। हमारे लिए वंदेमातरम् गीत सिर्फ मीडिया पर छाए रहने का माध्यम नहीं होना चाहिए बल्कि इसे आत्मसात कर राष्ट्र हित और राष्ट्र निर्माण हेतु संगठित होकर कार्य करना चाहिए क्योंकि जिन महान लोगों ने इसे अपने जीवन का मंत्र बनाया था उन के लिए 'राष्ट्रहित' ही सर्वोपरि था।

अतः राष्ट्रहित या राष्ट्र विकास हेतु स्त्री, युवा, शिक्षा, ग्रामीण, किसान, भारतीय ज्ञान परंपरा, रिसर्च, इनोवेशन, स्टार्टअप आदि सभी विषयों में विकास और विस्तार पर निरंतर कार्य करना होगा। राष्ट्र के प्रति निष्ठा, ईमानदारी, देश प्रेम और कर्मठ होने का भाव ही वंदेमातरम् का मूल उद्देश्य भी है। इसी उद्देश्य को समझते हुए 'अंकुर' के प्रस्तुत अंक में हमारे छात्रों और साथियों के विभिन्न भाव और विचारों के रंग आपके समक्ष हैं।

रचनात्मकता आपकी है कमियां हमारी। आपके सुझाव सदैव आमंत्रित हैं जो हमारे लिए महत्वपूर्ण भी हैं। इसी सद्भावना के साथ –

जयहिंद।
जयभारत।
वंदेमातरम्।

संपादक
डॉ. परमानंद शर्मा
डॉ. इंदु दत्ता तिवारी

एक झोला हाथ में, चार चेले साथ में



प्रकाश चंद्र
सहायक प्रोफेसर, हिन्दी विभाग

हिंदी में अभिनन्दन काल पराकाष्ठा पर पहुँच चुका है। हर लाइक एवं कमेंट के साथ एक विशेषण और एक लेखक पैदा हो रहा है। पिछली सदी में पैदा हो चुके लेखकों के लिए यह चरम सुख का दौर है। उनको हर रोज नए-नए उपमान मिले रहे हैं। सोशल मीडिया पर लिखी उनकी हर एक बात पर-अद्भुत, अलौकिक, न भूतो न भविष्यति, दार्शनिकता, मार्मिकता, चिंतनीय आदि सब कुछ एक साथ खोज लिया जा रहा है। लेखक इसी में आत्ममुग्ध होते हुए अगले दिन लाइव आने की घोषणा भी वहीं कर देता है। उसकी घोषणा के बाद तो जलजला आ जाता है। लेखक गलती से अगर किसी विश्वविद्यालय का शिक्षक है तो चेले 'आपदा में भी अवसर' तलाश लेते हैं। इसके बाद तो लेखक उर्फ गुरु जी नए-नए विशेषणों के साथ सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। हर चेला अपनी तई, एकदम नया और टटका विशेषण खोज कर लाता है। जबकि वह सिर्फ उसकी नजर में ही नए होते थे। इनमें से कुछ-साहित्य मनीषी, साहित्य मर्मज्ञ, साहित्यवेत्ता, मूर्धन्य लेखक, ज्ञान शिल्पी और अलाने-फलाने के जानकार हैं। गुरूजी का व्याख्यान अगर किसी सभागार में हो तो फिर उसका दृश्य ...

सभागार खचाखच नहीं भरा था। स्टेज पर चार कुर्सियां और नाम की पट्टी थी। एक आयोजकनुमा जवान अंदर-बाहर और स्टेज के ऊपर नीचे चक्कर काट रहा था। गिनती तो नहीं की लेकिन सभागार में अभी सात-आठ लोग ही थे। उनमें से भी दो लोग बैठ हुए थे बाकी सभागार की भव्यता और स्टेज की सजावट को हसरत भरी निगाहों से निहार रहे थे। तभी 24-25 साल का एक नौजवान गेट को पूरी ताकत से धक्का देते हुए सभागार के भीतर दनदनाता हुआ घुसा। उस नौजवान के ललाट पर पसीने की कुछ बूंदे थीं। बाल अजय देवगन की भांति माथे से चिपके थे, पीले रंग की कमीज जिसे नाभि तक पहनी हुई पेंट के भीतर अतिरिक्त परिश्रम से खोंचा गया था, पेट तीन चौथाई निकला हुआ, कंधे पर हिमाचल में हुए सेमिनार का झोला, पाँव में चोंच वाले जूते, चेहरे पर अति गंभीरता थी। इस मुद्रा को मैंने ही नहीं बल्कि वहाँ उपस्थित उन सात-आठ लोगों ने भी नोटिस किया।

भीतर घुसते ही वह दिव्य नौजवान स्टेज की तरफ बढ़ा। उसने स्टेज के ठीक सामने वाली कुर्सी पर अपना झोला रखा और कभी घड़ी तो कभी नेमप्लेट को देखने लगा। तभी नौजवान की नजर उस आयोजकनुमा व्यक्ति पर पड़ी। वह तुरंत उसके पास गया और बोला-

अनोज जी- उस नेमप्लेट को बीच में कर दीजिए।

अनोज जी - क्यों?

दिव्य नौजवान बोला - मेरे गुरुजी हैं। उनके साथ पीएच.डी. कर रहा हूँ। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं।

आयोजक ने तुरंत इधर का उधर कर दिया।...

तब तक सभागार में कुछ और लोग आ गए थे। अभी भी सभागार खचाखच नहीं भरा था। तकरीबन 100 लोगों के बैठने वाले सभागार में बमुश्किल 30-32 लोग बैठे थे। तभी गेट से एक दिव्य आभा ने प्रवेश किया जिनके सर पर गिनती के बाल, ललाट पर कांतिमय तेज, घुटने से नीचे का कुर्ता, चेहरे पर नाटकीय गंभीरता थी। उनके साथ ही सभागार में 12-13 दिव्य नौजवानों ने भी प्रवेश किया।

यह सब देख पहले से सभागार में विराजमान नौजवान के चेहरे का तेज थोड़ा कम हो गया। वह अपने स्थान से कुछ कदम आगे बढ़ा ही था कि पीछे से किसी ने आवाज दी...रवि गुरु जी का पेपर गाड़ी में ही रह गया। यह सुनते ही रवि आकाशीय बिजली की गति से बाहर की तरफ दौड़ा लेकिन उसके गेट तक पहुँचने से पहले ही एक दूसरा नौजवान जो उम्र, कद, अनुभव और कक्षा के हिसाब से उससे जूनियर लग रहा था- हाथ में एक फोल्डर पकड़े हुए अंदर घुस रहा था। उसे देख रवि के चेहरे का बचा खुचा तेज भी गायब हो गया ।

वापस सभागार की तरफ लौटा तो देखता है कि उसकी कुर्सी जो कि ठीक गुरुजी की नेमप्लेट के सामने थी उसे भी किसी दूसरे नौजवान ने हथिया लिया है। उसका झोला वहीं नीचे रखा हुआ था। रवि ने झोला उठाया और गुरुजी की तरफ हसरत भरी निगाहों से देखते हुए नीचे से उनके पाँव की तरफ लपक ही रहा था कि उतने में गुरुजी ने उसे रोक लिया और ऊपर से ही 'डेटा ट्रांसफर' टाइप वाला आशीर्वाद दे दिया। रवि के चेहरे की रौनक फिर लौट आई। उसने झोला उठाया और पीछे कुर्सी में बैठ गया।

कुछ देर में गुरुजी भाषण उर्फ व्याख्यान देने के लिए उठे तो रवि ने तुरंत जेब से फोन निकाला और कई एंगल से उनकी फोटो लेने लगा । वह फोटो खींच ही रहा था तभी उसकी नजर उस नौजवान पर पड़ी जो उससे जूनियर और गुरुजी का फोल्डर ला रहा था। उसने देखा कि वह तो DSLR से गुरु जी का फोटो खींच रहा है। रवि के चेहरे पर आई क्षणिक खुशी भी जाती रही।

गुरुजी ने भाषण यहीं से शुरू किया- "इतने कम समय में यह सभागार श्रोताओं से खचाखच भर गया। कुछ कुर्सियां खाली हैं वो भी भर जाएंगी। मेरे कुछ चेले अभी रास्ते में ही हैं।" यह सुनते ही रवि के चेहरे पर फिर खुशी लौट आई। गुरुजी ने सबसे पहले चेलों को संबोधित किया, उसके बाद सभागार में बैठे लोगों को, उसके बाद सभागार के सौंदर्य को, उसके बाद आयोजक को और अंत में गुरुजी ने कुछ विषय पर कहा। विषय पर भी वही कहा जो पहले सात जगह कह चुके थे। गुरूजी को 'हिंदी आज, कल और परसों' विषय पर बोलना था । गुरूजी ने अपने चिरपरिचित अंदाज में, वही स्वरचित शेर से-'खेतों में लहराती रहेगी सरसों / हिंदी रहेगी आज, कल, परसों और वर्षों'। गुरूजी के इस नायाब शेर को सुनते ही सभागार में बैठे चेलों ने तालियों से पूरा सभागार ध्वनित कर दिया। विषय पर भी गुरूजी ने इतना ही बोला ... बाद बाकि तो उन्होंने अपनी हिंदी प्रदेश की यात्राओं का बखान किया । उधर रवि गुरुजी के एक शब्द को कॉपी पर उतार रहा था। भाषण खत्म होते ही रवि ने गुरूजी के सत्संग को फेसबुक पर टाइप करना शुरू कर दिया। अभी कुछ शब्द टाइप किए ही थे कि उसे एक नोटिफिकेशन दिखाई दिया । उसने उसे जैसे ही खोला- फिर उसके चेहरे की आभा गायब हो गई। वही जूनियर गुरुजी की पूरी रिपोर्ट

फेसबुक पर लगा चुका था और तो और गुरुजी ने उसे लाइक भी कर दिया था ।

अब रवि मन ही मन अगले प्रोग्राम के बारे में सोचने लगा। उसकी प्लानिंग उसके दिमाग में चलने लगी। तभी उसे ध्यान आया कि उसने कमेंट तो किया नहीं। तुरंत उसने फेसबुक खोला और कमेंट सेक्शन में गया तो देखा कि 5 मिनट में ही 50 लाइक और 20 कमेंट वहाँ आ चुके थे। उसके दिमाग में चल रहे सारे विशेषणों का प्रयोग हो चुका था। उसको समझ नहीं आया कि अब क्या लिखूं। बहुत देर सोचने के बाद उसने लिखा- ''मैं ही गुरु जी का सबसे पुराना चेला हूँ, अद्‌भुत।''

——o——

साहित्य अपने काल का प्रतिबिम्ब होता है। जो भाव और विचार लोगों के हृदयों को स्पंदित करते हैं वही साहित्य पर भी अपनी छाया डालते हैं।।

— प्रेमचंद

युवा शक्ति और सेवा का संगम : NSS



सक्षम शुक्ला
बी.एस.सी. (मैथ), चतुर्थ वर्ष

स्वयं से पहले आप – राष्ट्रीय सेवा योजना का यह मूल मंत्र हमें निस्वार्थ सेवा और जिम्मेदार नागरिकता का संदेश देता है। राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक ऐसी विचारधारा है जो युवाओं को समाज के प्रति संवेदनशील, सजग और कर्तव्यनिष्ठ बनाती है।

आज के समय में जब समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है तब युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को केवल पुस्तक-ज्ञान तक सीमित नहीं रखती बल्कि उन्हें समाज की वास्तविक परिस्थितियों से जोड़ती है। स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, जागरूकता कार्यक्रम तथा ग्राम सेवा जैसे कार्यों के माध्यम से स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सहयोग और मानवीय संवेदनाएँ विकसित होती हैं।

वर्ष 2025 में मुझे आई.डी.सी. शिविर में भाग लेने का अवसर मिला तथा वर्ष 2026 में विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम में सहभागिता करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इन आयोजनों ने मुझे आत्मविश्वास, नेतृत्व कौशल और राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका का गहन बोध कराया।

इसके अतिरिक्त मैंने रक्तदान, स्टेशनरी वितरण और वस्त्र वितरण जैसे सेवा कार्यों में सक्रिय योगदान दिया। जब जरूरतमंद बच्चों को अध्ययन सामग्री प्रदान की जाती है या किसी परिवार को वस्त्र दिए जाते हैं तब उनके चेहरे पर उभरती मुस्कान स्वयं सेवकों के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार होती है।

मेरे जीवन का सबसे भावुक अनुभव तब रहा जब हमने झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र के लोगों का राशनकार्ड बनवाने में सहायता की। यह कार्य सरल नहीं था परन्तु निरंतर प्रयास के बाद जब एक महिला का राशनकार्ड बनकर तैयार हुआ, तो उनके चेहरे पर अपार खुशी झलक रही थी। उन्होंने हमें हृदय से आशीर्वाद दिया। उस क्षण मुझे यह अनुभूति हुई कि सच्चा सुख दूसरों की सहायता करने में ही निहित है।

राष्ट्रीय सेवा योजना ने मुझे सिखाया कि सेवा केवल शब्द नहीं बल्कि कर्म है। यह हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी स्मरण कराती है। विकसित भारत का स्वप्न भी साकार होगा जब युवाशक्ति निस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करेगी।

——o——

भाषा और संस्कृति



शगुफ़्ता
बी.ए. हिंदी (विशेष), चतुर्थ वर्ष

भाषा और संस्कृति दोनों एक दूसरे से घनिष्ठता से जुड़े हुए हैं। दोनों का आपस में अटूट सम्बन्ध है। इन्हें एक-दूसरे से अलग करना लगभग असंभव है। भाषा केवल बोलचाल या विचारों का आदान-प्रदान नहीं है बल्कि वह समाज की संस्कृति के संवाहक भी होती है। भाषा समाज की सोच, परंपरा, इतिहास और अस्मिता के मूल में कार्य करती है। अर्थात समाज में रह रहे मनुष्य के सोच-विचार करने का माध्यम भाषा ही होती है। हम जिस भाषा में विचार करते हैं उसी भाषा में हम अपना रहन-सहन, खान-पान, पहनावा आदि भी ढाल लेते हैं। अर्थात सरल शब्दों में कहें तो हम उसी भाषा की संस्कृति को जीने लगते हैं, महसूस करने लगते हैं एवं उसे स्वयं से जुड़ा हुआ मानने लगते हैं। यही कारण है कि भाषा और संस्कृति का इतना घनिष्ठ सम्बन्ध होता है कि सभी समान भाषी लगभग संस्कृति में भी 95% तक समान होते हैं।

भाषा संस्कृति की वाहक है। संस्कृति के अंतर्गत हमारे मूल्य, परंपराएं, रीति-रिवाज, विश्वास और इतिहास सभी आते हैं। यह सभी मूल तत्व एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होते हैं जिसमें मुख्य रूप से एक श्रृंखला के तौर पर भाषा कार्य करती है। अर्थात भाषा के माध्यम से ही संस्कृति हस्तांतरित होती है। यदि कोई भाषा लुप्त हो जाती है तो उसके साथ उस संस्कृति का इतिहास (मौखिक इतिहास) और पारंपरिक ज्ञान भी समाप्त हो जाता है।

भाषा बहता नीर है। "कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर वाणी" अर्थात भाषा बहते हुए जल के समान है जो हर 4 कोस पर बदल जाती है। हर कोस पर अपने अनुसार संस्कृति का निर्माण और सांस्कृतिक विरासत का विकास करती है भाषा। भाषा किसी भी समुदाय की पहचान का मुख्य आधार होती है। उदाहरण के लिए, जब हम हिंदी, पंजाबी, बंगाली, उड़िया आदि भाषाएं बोल रहे होते हैं तो हम केवल शब्दों का समूह (भाषा) ही नहीं बोलते बल्कि उस भाषा से जुड़ी सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत एवं परंपराओं को भी जी रहे होते हैं।

किसी भी संस्कृति की आत्मा उसके साहित्य, लोकगीतों, मुहावरों, लोक नृत्यों, कहावतों, लोककथाओं में बसती है। भाषा एक मात्र माध्यम होती है जो किसी भी समुदाय की संस्कृति को संजो कर रखती है, उसे संरक्षित करती है। उदाहरण के लिए हम यदि संस्कृत भाषा में लिखे गए उपनिषद्, काव्यग्रंथ, पुराण आदि उस समय की संस्कृति और ज्ञान को इतने स्पष्ट रूप से उजागर कर पाते हैं तो केवल भाषा ही इसका एक कारण थी। जिसके कारण आज इतने सौ वर्षों पश्चात भी हम उस समय के जीवन और उस समय की संस्कृति को आज की पीढ़ियों में भी देखते हैं। भाषा ही वह सूत्र बनती है जिसके माध्यम से परंपराओं का ज्ञान पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होता गया और आज भी संस्कृति का वही अंग तो नहीं पर हाँ कुछ वैसा ही अंश देखने को जरूर मिलता है।

भाषा और संस्कृति मानव सभ्यता के दो अभिन्न अंग हैं। भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं है बल्कि यह संस्कृति की वाहक, संरक्षक और अभिव्यक्तिकार भी है। इसी प्रकार संस्कृति भाषा को अर्थ, संदर्भ और पहचान प्रदान करती है। भाषा को संस्कृति की अभिव्यक्ति का प्रमुख साधन माना जाता है। किसी भी समाज की परंपराएँ, रीति-रिवाज, मान्यताएँ, मूल्य और जीवन-दृष्टि भाषा के माध्यम से ही व्यक्त होते हैं। उदाहरण के लिए, हिंदी भाषा में प्रयुक्त शब्दावली, मुहावरे और लोकोक्तियाँ भारतीय समाज की सांस्कृतिक चेतना को प्रतिबिंबित करती हैं। जैसे "अतिथि देवो भव:" या "वसुधैव कुटुम्बकम्" केवल वाक्य नहीं हैं बल्कि भारतीय संस्कृति के मूलभूत आदर्शों को दर्शाते हैं। इस प्रकार भाषा संस्कृति का दर्पण बनकर कार्य करती है और संस्कृति भाषा के निर्माण और परिवर्तन में सक्रिय भूमिका निभाती है। इसके अतिरिक्त, भाषा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। पीढ़ी दर पीढ़ी, ज्ञान, इतिहास, साहित्य और परंपराएँ भाषा के माध्यम से ही संचारित होती हैं।

भाषा का संरक्षण, वास्तव में संस्कृति के संरक्षण के समान है। अर्थात् यदि कोई भाषा समाप्त हो जाती है तो उसके साथ जुड़ी हुई पूरी सांस्कृतिक धरोहर भी संकट में पड़ जाती है। भाषा और संस्कृति का संबंध सामाजिक पहचान से भी जुड़ा हुआ है। किसी व्यक्ति की भाषा उसके सांस्कृतिक परिवेश, सामाजिक स्थिति और पहचान को प्रकट करती है। भाषा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने समुदाय से जुड़ाव महसूस करता है। यही कारण है कि भाषा केवल संवाद का साधन नहीं बल्कि आत्म-परिचय का भी आधार है। वैश्वीकरण के इस युग में जहाँ एक ओर भाषाओं का मिश्रण बढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर अपनी मातृभाषा और संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता भी अधिक महसूस की जा रही है।

"भाषा बहता नीर है" का तात्पर्य है कि भाषा स्थिर नहीं होती, बल्कि वह निरंतर प्रवाहित होने वाली धारा की तरह गतिशील, परिवर्तनशील और जीवंत होती है। जिस प्रकार जल एक स्थान से दूसरे स्थान पर बहते हुए अपने स्वरूप, स्वाद और गुणों में परिवर्तन करता है उसी प्रकार भाषा भी स्थानीय और सामाजिक संदर्भों के अनुसार बदलती रहती है। भारत जैसे विशाल देश में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर जल के स्वाद और गुणों में अंतर देखा जाता है। यह अंतर केवल प्राकृतिक नहीं बल्कि उस क्षेत्र की मिट्टी, जलवायु और जीवन शैली से भी जुड़ा होता है। इसी के समानांतर "चार कोस पर बानी" यह दर्शाती है कि भाषा या बोली भी थोड़ी दूरी पर बदल जाती है। यहाँ "बानी" का अर्थ है बोली या भाषा का स्थानीय रूप।

——o——

कला की कोई भी क्रिया, मनुष्य और जीवन-धारण के लिए अनिवार्य नहीं है। इसलिए कला ही मनुष्य को वह क्षेत्र प्रदान करती है जिसमें वह अपने व्यक्तित्व का सच्चा विकास कर सकता है।

– रामधारी सिंह दिनकर

सोशल मीडिया - वरदान या अभिशाप



यशिका
बी.ए. हिंदी (विशेष), तृतीय वर्ष

आज का युग डिजिटल युग है। इस युग में सोशल मीडिया की बढ़ोतरी सबसे तेजी से हो रही है। इसका विस्तार हर कोने तक है। जहाँ-जहाँ इंसान है वहाँ-वहाँ सोशल मीडिया अपने आप पहुँच जाता है। आज के समय में सोशल मीडिया लोगों के जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक किसी न किसी रूप में सोशल मीडिया हर व्यक्ति के जीवन में व्याप्त है। इसलिए यह प्रश्न बन जाता है कि सोशल मीडिया वरदान है या अभिशाप?

सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहाँ हर व्यक्ति आपस में जुड़ सकता है। यह एक ऐसा आभासी यंत्रजाल है जिससे बाहर निकलना आसान नहीं है। सोशल मीडिया से लोगों को शिक्षा, मनोरंजन, आय तथा कार्यक्रम संचालन मंच आदि का एक वर्चुअल स्थान मिलता है। इसका उदय भारत में 2004 में फेसबुक के शुरुआत होने के बाद हुआ है। फेसबुक को बहुत पसंद किया गया है। जिसके बाद जैसे-जैसे समय बढ़ता गया वैसे-वैसे ट्विटर, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम आदि सोशल मीडिया एप्लीकेशन आते रहे और लोग सोशल मीडिया की धारा में बहते चले गए।

आज के समय में सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। शिक्षा, चिकित्सा, कृषि और आईटी कोई भी सेक्टर हो उनमें इसकी भूमिका दिखाई देती है। इसके माध्यम से लोग अपनी प्रतिभा को दुनिया के सामने ला सकते हैं और घर बैठे कमाई के अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी कार्यक्रम या सूचना को तेजी से फैलाने में सोशल मीडिया बहुत उपयोगी सिद्ध हो रहा ।

यदि हम सोशल मीडिया के सकारात्मक पहलू पर दृष्टि डालें तो यह मानव जीवन के लिए लाभदायक है। सोशल मीडिया दूर बैठे इंसान को भी पास ला देता हैं। लोगों के बीच दूरी को कम करता है। यह आपसी संबंधों को मजबूत करने का काम भी करता है।

शिक्षा के स्तर पर भी इसने काफी मदद की है। शिक्षा सामग्री आसानी से इसके माध्यम से हमें प्राप्त हो जाती है। जब कोविड-19 आया था तब सोशल मीडिया ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ही शिक्षा का मुख्य आधार बन गया था। इस नजर से देखा जाए तो विद्यार्थियों के लिए सोशल मीडिया किसी वरदान से कम नहीं है। व्यापार, रोजगार के क्षेत्र में भी सोशल मीडिया ने लोगों को आर्थिक आत्मनिर्भर बनने का मौका दिया है।

परंतु केवल इसके सकारात्मक पहलू को देखना सही नहीं है। इसका एक पक्ष है जो अत्यंत गंभीर है। सोशल मीडिया युवाओं द्वारा अत्यधिक उपयोग किया जाता है जिससे युवा पीढ़ी पर बहुत अधिक नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। सोशल मीडिया जो लोगों को पास लाने के लिए बनाया गया था वही उन्हें अब दूर कर रहा है। इसके अलावा सोशल मीडिया में दिखावटी जीवनशैली है। इससे युवा पीढ़ी में तुलना करने की प्रवृत्ति बढ़ी हैं जो मानसिक तनाव, अवसाद, चिंता, नींद की कमी जैसी बीमारियों को बढ़ाता है और अधिक स्क्रिन की रोशनी से आँखों की समस्या, गर्दन दर्द, पीठ में दर्द, सुस्त जीवनशैली से हृदय रोग जैसी शारीरिक समस्याएँ भी

सामने आ सकती हैं। सोशल मीडिया में फेक न्यूज़ बहुत तेजी से फैलती है और साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, हैकिंग जैसे अपराधों में भी बढ़ोतरी होती है।

सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप यह तो सोशल मीडिया को इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति पर निर्भर करता है। इसलिए इसका उपयोग ज्ञान, कौशल विकास और सकारात्मक कार्य के लिए करना चाहिए जिससे यह वरदान साबित होगा। यदि केवल मनोरंजन और समय व्यर्थ करने के लिए होगा तो यह अभिशाप बन जाएगा। इसलिए मेरे विचार से युवाओं को सोशल मीडिया का उपयोग सीमित और सकारात्मक उद्देश्य के लिए करना चाहिए।

अंत में यह कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया न ही पूर्णतः अभिशाप है और न ही पूर्णतः वरदान। यह एक शक्तिशाली साधन है जिसका स्वरूप उसके उपयोग करने वाले पर निर्भर होता है। यदि हम इसका उपयोग विवेक और संयम से करें तो यह हमारे जीवन को समृद्ध बना सकता है।

——o——

सहज सुहृद गुर स्वामि सिख जो न करइ सिर मानि,
सो पछिताइ अघाइ उर अवसि होइ हित हानि।

—गोस्वामी तुलसीदास

डिग्री का बोझ और खाली जेब



मनीष कुमार
बी.ए. हिंदी (विशेष), तृतीय वर्ष

आज के दौर में एक PhD छात्र की स्थिति उस मुसाफिर जैसी हो गई है जिस ने पहाड़ की सबसे ऊँची चोटी तो फतह कर ली लेकिन नीचे उतरते ही उसे पता चला कि वहाँ की जमीन अब उसके रहने लायक नहीं रही। भारत के शैक्षणिक परिदृश्य में 'डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी' अब केवल एक सम्मानजनक उपाधि नहीं बल्कि एक मानसिक और आर्थिक द्वंद्व का प्रतीक बन चुकी है।

1. 'ओवर क्वालिफाइड' होने का अभिशाप

बाज़ार का एक अजीब विरोधाभास है – यहाँ अनुभवहीन को काम नहीं मिलता और अत्यधिक शिक्षित को 'ओवर क्वालिफाइड' कहकर बाहर कर दिया जाता है। एक PhD युवक जब कॉर्पोरेट सेक्टर में जाता है तो उसे यह कहकर नकार दिया जाता है कि वह अपनी विशेषज्ञता के कारण बहुत 'महंगा' होगा या वह एक छोटी भूमिका में टिक नहीं पाएगा। परिणामस्वरूप, देश का सबसे प्रबुद्ध दिमाग चपरासी या ग्रुप-डी की कतार में खड़ा होने को मजबूर है।

2. अकादमिक संस्थानों का 'एडहॉक' मॉडल

देश के शीर्ष विश्वविद्यालयों में 'एडहॉक' (तदर्थ) या 'गेस्ट फैकल्टी' की संस्कृति ने PhD धारकों को आधुनिक युग का 'दिहाड़ी मजदूर' बना दिया है। सालों तक शोध करने वाला एक विद्वान मात्र 25 से 30 हजार रुपये की अस्थाई नौकरी के लिए हर साल साक्षात्कार देता है। यह अनिश्चितता न केवल उनके करियर को खत्म कर रही है बल्कि उनके शोध करने के जज़्बे को भी मार रही है।

3. सामाजिक दबाव और 'सैटल' होने की दौड़

एक औसत भारतीय PhD छात्र अपनी डिग्री पूरी करते-करते 30-32 साल की उम्र पार कर चुका होता है। इस उम्र में जहाँ अन्य पेशों के लोग आर्थिक रूप से स्थिर हो चुके होते हैं, एक शोधार्थी अपने अगले रिसर्च पेपर या फेलोशिप की किश्त के लिए संघर्ष कर रहा होता है। समाज का वह ताना –''इतना पढ़ लिखकर भी घर पर बैठे हो?'' –उनके आत्मसम्मान पर सबसे गहरी चोट करता है।

4. नीतिगत खामियां और समाधान की जरूरत

हमारी शिक्षा नीति ने डिग्री बांटने वाली मशीनें तो खड़ी कर दीं लेकिन उन डिग्रियों की बाज़ार में खपत (Consumption) कैसे होगी, इस पर ध्यान नहीं दिया।

अनुसंधान का बाजारीकरण: शोध केवल पुस्तकालयों की धूल चाटने के लिए न हो, बल्कि उसे पेटेंट और व्यावसायिक उत्पाद से जोड़ा जाना चाहिए।

अनिवार्य भर्ती: सरकारी और निजी महाविद्यालयों में रिक्त पदों को भरने के लिए एक समयबद्ध पारदर्शी प्रक्रिया अनिवार्य होनी चाहिए।

इंडस्ट्री-एकेडेमिया ब्रिजः शोधार्थियों को पीएचडी के दौरान ही इंडस्ट्री एक्सपोजर मिलना चाहिए ताकि उनके पास 'प्लान-बी' हमेशा तैयार रहे।

अंतिम शब्द

PhD युवक बेरोजगार नहीं है बल्कि हमारा सिस्टम उस की योग्यता को पहचानने में 'अक्षम' है। यदि समय रहते इन उच्च-शिक्षित युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा नहीं दी गई तो यह 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' (जनसांख्यिकीय लाभांश) देश के लिए एक 'डेमोग्राफिक डिज़ास्टर' साबित हो सकता है।

——o——

शिखरों की ऊँचाई कर्म की नीचता का परिहार नहीं करती।

— धर्मवीर भारती

तुलसी की राम-भक्ति : एक अनंत ज्योति



दिव्यानी
बी.ए. हिंदी (विशेष), तृतीय वर्ष

अवध की धूल में अंकुरित, एक साधक की सरल कहानी,
शब्द-शब्द में राम बसे थे, भावों में थी निर्मल रवानी।
ना राजसी वैभव की चाह, ना यश की कोई अभिलाषा,
तुलसी के जीवन का आधार, बस राम-नाम की परिभाषा।
जब जग ने तिरस्कार किया, जब पथहु आए काकी सारा,
तब अंतर में दीप जला, राम बना उनका उजियारा।
दास्य-भाव की मधुर विनय में, अहंकार सब तिरोहि तथा,
हर श्वास में समर्पण ऐसा, मानोजीवन अर्पित था।
वाणी बनी जब सरिता निर्मल, "मानस" रूपी गंगा बहनिकली,
जन-जन के उर में आस्था की, अमिट ज्योति फिर से दहक उठी।
मर्यादा के मूर्तस्वरूप को, तुलसी ने सजीव किया,
एक साधारण मानव में भी, दिव्यता का संचार किया।
उनकी भक्ति न केवल पूजा, जीवन का था सत्य महान,
जिसमें करुणा, नीति, और प्रेम, बन जाते हैं एक विधान।
हर युग में जो राह दिखाए, ऐसा अनुपम आलोक है,
तुलसी की राम-भक्ति सचमुच, मानवता का शाश्वत श्लोक है।

—o—

मन के हारे हार है, मन के जीते जीति।
कहै कबीर हरि पाइए, मन ही की परतीति।।
—**संत कबीर**

मैं अकेला नहीं हूँ



मनीष कुमार
बी.ए. हिंदी (विशेष), तृतीय वर्ष

रात के ग्यारह बज रहे थे। कमरे की खिड़की से बाहर शहर की रोशनियाँ टिमटिमा रही थीं जैसे हर घर में कोई न कोई अपनी-अपनी कहानी जी रहा हो। वह लड़का -आदित्य-अपनी मेज पर झुका बैठा था। सामने किताबें खुली थीं पर शब्दों के बीच कहीं उसका मन अटका हुआ था।

वह अक्सर खुद से कहता-

"मैं अकेला नहीं हूँ। मेरे साथ मेरी किताबें हैं, कुछ सपने हैं, कुछ अपनों की उम्मीद है और कुछ पुराने गाने हैं।"

लेकिन कभी-कभी यह वाक्य भी उसके भीतर की खाली जगह को पूरी तरह भर नहीं पाता था।

आदित्य छोटे शहर से बड़े सपनों के साथ इस नए शहर में आया था। कमरे में एक बिस्तर, एक मेज, कुछ किताबें और दीवार पर टंगी माँ-पापा की मुस्कुराती तस्वीर-बस यही उसकी दुनिया थी। दिन में वह पढ़ाई करता, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता, और रात में जब सन्नाटा गहरा जाता, तब उसकी यादों का शोर बढ़ जाता।

उसे वह लड़की याद आती-सिया।

सिया, जो उसके कॉलेज के दिनों की सबसे खूबसूरत आदत थी। वह कोई फिल्मी प्रेम नहीं था, बस एक सादा-सा लगाव था-लाइब्रेरी में साथ बैठना, नोट्स साझा करना और कैंटीन में चाय के दो कप।

एक दिन सिया ने कहा था,

"तुम बहुत चुप रहते हो, आदित्य। लेकिन तुम्हारी चुप्पी में भी एक भरोसा है।"

वह मुस्कुरा दिया था। उसे लगा था, शायद यही प्रेम है-कम शब्दों में भी समझ लिया जाना।

पर जीवन हमेशा इच्छाओं के हिसाब से नहीं चलता। पढ़ाई पूरी हुई, रास्ते अलग हो गए। सिया अपने सपनों के साथ दूसरे शहर चली गई। और आदित्य... वह अपने सपनों और जिम्मेदारियों के साथ यहीं रह गया।

शुरू-शुरू में वह बहुत टूट गया था। उसे लगता था कि कमरे की दीवारें भी उससे सवाल करती हैं- "क्यों नहीं कह पाए तुम अपने दिल की बात?"

पर धीरे-धीरे उसने अपने अकेलेपन से दोस्ती करना सीख लिया।

अब जब वह देर रात पढ़ते-पढ़ते थक जाता तो मोबाइल में पुराने गाने चला लेता-90 के दशक की धीमी धुनें जिनमें प्रेम भी था और बिछड़ने की टीस भी। उन गीतों के साथ वह अपने दर्द को शब्द देता।

किताबें अब सिर्फ परीक्षा पास करने का साधन नहीं थीं; वे उसकी साथी बन गई थीं। हर पन्ना उसे यह

भरोसा देता कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती।

माँ की आवाज़ फोन पर सुनाई देती–

"बेटा, हमें तुम पर भरोसा है।"

यह वाक्य उसके भीतर बुझती लौ को फिर से जला देता।

कभी-कभी वह छत पर जाकर आसमान देखता। तारों को गिनते हुए सोचता–

"शायद सिया भी किसी शहर में यही आसमान देख रही होगी।"

पर अब वह उस विचार से टूटता नहीं था। उसने समझ लिया था कि प्रेम हमेशा साथ रहने का नाम नहीं होता; कभी-कभी वह सिर्फ किसी की स्मृति में मुस्कुराने का नाम होता है।

अकेलापन अब उसके लिए सजा नहीं रहा। वह एक तपस्या बन गया था।

उसने महसूस किया कि अकेले रहने से वह खुद को बेहतर समझ पा रहा है। उसके सपने साफ हो रहे हैं। उसके भीतर का डर धीरे-धीरे साहस में बदल रहा है।

एक रात उसने अपनी डायरी में लिखा–

"मैं अकेला नहीं हूँ। मेरे साथ मेरी किताबें हैं, कुछ अधूरे ख्वाब हैं, माँ-बाप की उम्मीद है और एक पुराना प्रेम है जो मुझे मजबूत बनाता है। अगर वह मेरे साथ नहीं है तो भी उसका एहसास मुझे आगे बढ़ना सिखा रहा है।"

कुछ महीनों बाद जब उसकी परीक्षा का परिणाम आया तो उसका चयन हो गया। उस दिन उसने सबसे पहले माँ को फोन किया। उनकी खुशी सुनकर उसकी आँखें भर आईं।

रात को उसने फिर वही पुराने गाने लगाए।

इस बार उनमें दर्द कम और कृतज्ञता ज्यादा थी।

वह मुस्कुराया और धीरे से बोला–

"देखो सिया, मैं अब भी तुम्हें याद करता हूँ... पर अब यह याद मुझे रोकती नहीं, आगे बढ़ाती है।"

और उस छोटे से कमरे में, किताबों, सपनों और उम्मीदों के बीच, वह सचमुच अकेला नहीं था।

क्योंकि उसने सीख लिया था–

प्रेम अगर साथ न भी रहे तो भी वह इंसान को बेहतर बना सकता है।

और अकेलापन, अगर समझ लिया जाए तो वही सबसे सच्चा साथी बन जाता है।

——o——

शब्दों से गढ़ती दुनिया



गौरव कुमार तिवारी
बी.ए. हिंदी (विशेष), चतुर्थ वर्ष

मानव सभ्यता की विकास-यात्रा को यदि हम अत्यंत सूक्ष्म और दार्शनिक दृष्टि से देखें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि मनुष्य का सबसे बड़ा और युगांतरकारी आविष्कार न तो पहिया था और न ही आग, बल्कि वह 'शब्द' था। आदिम मनुष्य ने जब पहली बार अपनी किसी अस्पष्ट ध्वनि को एक निश्चित अर्थ पहनाया होगा तब उसने केवल संवाद का माध्यम नहीं खोजा था, बल्कि उसने एक समानांतर ब्रह्मांड की नींव रखी थी। 'शब्दों से गढ़ती दुनिया' कोई अलंकार या काव्यात्मक अतिशयोक्ति नहीं है बल्कि यह मानव अस्तित्व की सबसे प्रामाणिक और ठोस सच्चाई है। हमारे चारों ओर जो कुछ भी मूर्त या अमूर्त है, वह तब तक हमारे बोध का हिस्सा नहीं बन पाता जब तक कि हम उसे किसी शब्द के सांचे में नहीं ढाल देते। प्राचीन भारतीय वाङ्मय में दार्शनिक भतृहरि ने अपने ग्रंथ 'वाक्यपदीय' में' शब्द-ब्रह्म की परिकल्पना की है। उनका मानना था कि सृष्टि के मूल में शब्द ही हैं और यह संपूर्ण दृश्यमान जगत उसी शब्द-तत्त्व का विवर्त या प्रकटीकरण है। इसका सीधा अर्थ यह है कि बिना शब्द के इस संसार की कोई संरचनात्मक या अर्थपूर्ण उपस्थिति संभव ही नहीं है। हम उसी दुनिया को जान सकते हैं, समझ सकते हैं और जी सकते हैं जिसे हमारे शब्द रूप और आकार देते हैं।

प्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक मार्टिन हाइडेगर ने भाषा और मानवीय अस्तित्व के गहरे संबंध को रेखांकित करते हुए एक अत्यंत मार्मिक और सटीक बात कही थी-'भाषा सत्ता का घर है। मनुष्य इसी घर में निवास करता है।' हाइडेगर का यह विचार इस बात की पुष्टि करता है कि हमारी चेतना, हमारे विचार और हमारी अनुभूतियां शून्य में नहीं तैरतीं बल्कि वे शब्दों के ईंट-गारे से बने इस घर में ही आकार लेती हैं। जब हम किसी नई भावना का अनुभव करते हैं या किसी नए विचार को जन्म देते हैं तो दरअसल हम अपनी भाषा की सीमाओं का विस्तार कर रहे होते हैं। इसी संदर्भ में एक अन्य महान दार्शनिक लुडविग विट्गेंस्टाइन का वह प्रसिद्ध कथन भी बरबस याद आता है कि 'मेरी भाषा की सीमाएं, मेरे संसार की सीमाएं हैं।' एक मनुष्य का संसार उतना ही बड़ा होता है जितना बड़ा उसका शब्दकोश होता है। यदि हमारे पास प्रेम, करुणा, विद्रोह या स्वतंत्रता को अभिव्यक्त करने के लिए शब्द ही न हों तो क्या हम इन भावनाओं को उनके संपूर्ण ताप और गहराई के साथ महसूस कर पाएंगे? शायद नहीं। शब्द ही वह पारदर्शी माध्यम हैं जिनसे होकर हम जीवन के सतरंगी यथार्थ को देखते हैं। वे केवल वस्तुओं और भावों का नामकरण नहीं करते बल्कि वे हमारे भीतर एक विशिष्ट दृष्टिकोण का निर्माण करते हैं।

जब हम इस वैचारिक पीठिका से उतरकर साहित्य और समाज के प्रांगण में आते हैं तो शब्दों की यह दुनिया और भी जादुई, जटिल और शक्तिशाली हो जाती है। एक रचनाकार या साहित्यकार दरअसल शब्दों का ही शिल्पी होता है। वह अपनी कल्पना, संवेदना और जीवन-दृष्टि के ताप में शब्दों को पिघलाकर एक नई दुनिया गढ़ता है -एक ऐसी दुनिया जो कई बार हमारे यथार्थ से भी अधिक वास्तविक और

सजीव प्रतीत होती है। मुंशी प्रेमचंद ने जब 'गोदान' में होरी और धनिया को गढ़ा तो उन्होंने केवल कागज़ पर कुछ काले अक्षर नहीं उकेरे थे बल्कि उन्होंने शब्दों के माध्यम से भारतीय किसान की उस त्रासदी, उसकी जिजीविषा और उसके शोषण का एक ऐसा जीवंत संसार रच दिया जो आज भी हमारे सामने धड़कता है। साहित्यकार शब्दों के सहारे समय को बांध लेता है। वह उन अनाम, अनकहे और उपेक्षित अनुभवों को शब्द देता है जो इतिहास के पन्नों में कहीं खो जाते। फ्रांसीसी दार्शनिक और अस्तित्ववादी विचारक ज्यां-पॉल सात्र ने साहित्य की भूमिका पर विचार करते हुए 'साहित्य क्या है?' में लिखा है कि लेखक का काम केवल दुनिया को दिखाना नहीं है बल्कि शब्दों के माध्यम से समाज में हस्तक्षेप करना है। सार्त्र मानते थे कि शब्द लोडेड पिस्टल (भरी हुई बंदूक) की तरह होते हैं; जब लेखक उन्हें पन्नों पर उतारता है तो वह एक तरह से समाज की सोई हुई चेतना पर निशाना साध रहा होता है।

शब्दों से दुनिया गढ़ने की इस प्रक्रिया में हमेशा एक द्वंद्व और एक संघर्ष भी निहित होता है। शब्द केवल फूल नहीं हैं जो सौंदर्य बिखेरते हैं; वे चिंगारी भी हैं जो दावानल बन सकते हैं। हिंदी के शीर्षस्थ कवि गजानन माधव मुक्ति बोध ने शब्दों और अभिव्यिक्त के इसी जोखिम को पहचानते हुए लिखा था-'अभिव्यिक्त के सारे खतरे उठाने ही होंगे, तोड़ने होंगे मठ और गढ़ सब।' मुक्तिबोध का यह विचार इस बात का प्रमाण है कि जब कोई शोषित वर्ग, कोई हाशिए पर खड़ा समाज या कोई विद्रोही चेतना अपनी दुनिया गढ़ने निकलती है तो उसे सबसे पहले अपने शब्दों को आज़ाद करना पड़ता है। सत्ता और व्यवस्था हमेशा यह चाहती है कि शब्द उसके अनुकूल रहें वे केवल स्तुतिगान करें। लेकिन जब एक रचनाकार शब्दों को व्यवस्था की कैद से आज़ाद कर उन्हें जन सामान्य की पीड़ा और प्रतिरोध का स्वर बनाता है तब एक नई, अधिक लोकतांत्रिक और समतामूलक दुनिया का निर्माण होता है। कबीर ने जब अपने 'अक्खड़' और 'फक्कड़' शब्दों से तत्कालीन समाज के पाखंड पर प्रहार किया था तो वे केवल कविता नहीं लिख रहे थे बल्कि शब्दों की चोट से एक नई, तार्किक और मानवीय दुनिया की ज़मीन तैयार कर रहे थे।

आज के उत्तर-आधुनिक और सूचना-क्रांति के इस दौर में जब हम चारों ओर से शब्दों के अथाह महासागर से घिरे हुए हैं तब यह विमर्श और भी प्रासंगिक हो जाता है। आज सोशल मीडिया, इंटरनेट और विज्ञापनों के माध्यम से शब्दों की एक ऐसी कृत्रिम दुनिया हमारे चारों ओर बुनी जा रही है जिसका उद्देश्य हमारी चेतना को मुक्त करना नहीं बल्कि उसे एक उपभोक्ता में तब्दील करना है। शब्दों का अवमूल्यन आज के समय की सबसे बड़ी त्रासदी है। जब 'प्रेम', 'क्रांति', 'शांति' और 'सत्य' जैसे शब्द विज्ञापनों की पंचलाइन या राजनीतिक प्रोपेगेंडा का हिस्सा बन जाते हैं तो उनके भीतर का अर्थ खोखला होने लगता है। ऐसे समय में एक सजग पाठक और एक प्रामाणिक रचनाकार की ज़िम्मेदारी दोगुनी हो जाती है। 'अज्ञेय' ने शब्द और उसके अर्थ के बीच के इसी टूटते हुए संबंध को महसूस करते हुए कहा था कि हमें शब्दों को मांजना होगा क्योंकि बर्तन की तरह शब्द भी इस्तेमाल होते-होते अपनी चमक खो देते हैं। आज हमें शब्दों को उनके मूल अर्थ में पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है ताकि हम जो दुनिया गढ़ें वह सतही और भ्रामक न होकर गहरी और मानवीय हो।

अंततः, शब्दों से दुनिया गढ़ना एक अनवरत और शाश्वत प्रक्रिया है। हम जो बोलते हैं, जो लिखते हैं और जो पढ़ते हैं, वह सब मिलकर हमारे सामूहिक अवचेतन का निर्माण करता है। शब्द हमारे अतीत के संवाहक हैं, हमारे वर्तमान के दर्पण हैं और हमारे भविष्य के निर्माता हैं। जब एक माँ अपने बच्चे को लोरी सुनाती है तो वह शब्दों से उसके लिए एक सुरक्षित दुनिया गढ़ रही होती है; जब दो प्रेमी एक-दूसरे से संवाद करते हैं तो वे शब्दों के पुल से एक-दूसरे की आत्मा तक पहुँचने का मार्ग गढ़ रहे होते हैं और जब एक कवि अपनी पीड़ा को कविता में ढालता है तो वह दुनिया के हर दुखी इंसान के लिए एक आश्रय गढ़ रहा होता है। इसलिए, हमें अपने शब्दों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील और उत्तरदायी होने की आवश्यकता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि हमारे मुंह या कलम से निकला हर एक शब्द इस ब्रह्मांड में दर्ज हो जाता है और हमारे आसपास की दुनिया को थोड़ा-सा बदल देता है। यदि हम एक सुंदर, न्यायपूर्ण और प्रेमपूर्ण दुनिया में सांस लेना चाहते हैं तो हमें सबसे पहले अपने भीतर और अपने बाहर उन शब्दों को रोपना होगा जिनमें इस नई दुनिया को जन्म देने की शक्ति हो। क्योंकि अंत में जब सब कुछ नष्ट हो जाएगा जब सभ्यताएं मिट्टी में मिल जाएंगी तब भी जो एक चीज बचेगी -वे होंगे हमारे रचे हुए शब्द जो किसी-न-किसी रूप में इस बात की गवाही देंगे कि हमने कैसी दुनिया गढ़ी थी।

शब्दों की इस सृजनात्मक और जादुई शक्ति के समानांतर, उनकी ध्वंसकारी और नियंत्रक शक्ति को समझना भी एक अकादमिक विमर्श के लिए उतना ही आवश्यक है। सत्ता और विमर्श के आपसी संबंधों पर गहराई से विचार करने वाले फ्रांसीसी दार्शनिक मिशेल फूको ने स्पष्ट किया है कि 'विमर्श ही सत्ता है'। जो व्यक्ति, संस्था या विचारधारा शब्दों पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लेते है वह अंततः समाज की विचार-प्रक्रिया पर भी एकाधिकार कर लेते हैं। जॉर्ज ऑरवेल का कालजयी उपन्यास '1984' इस राजनीतिक तथ्य का सबसे भयावह लेकिन सटीक चित्रण प्रस्तुत करता है। ऑरवेल ने अपने उपन्यास में 'न्यूस्पीक'(नवभाषा)की जो संकल्पना दी थी उसका मूल उद्देश्य भाषा के शब्दकोश को इतना सीमित कर देना था कि लोगों के पास विद्रोह, चेतना या स्वतंत्रता जैसे विचारों को सोचने के लिए शब्द ही न बचें। यह इस बात का अकाट्य प्रमाण है कि शब्द केवल संवाद का संवहन नहीं करते बल्कि वे हमारी मानसिक और वैचारिक सीमाओं की भौगोलिक रूपरेखा भी तय करते हैं। जब किसी अधिनायकवादी व्यवस्था को समाज पर अपना वर्चस्व स्थापित करना होता है तो वह सबसे पहले शब्दों के अर्थ का अपहरण करती है। वह क्रूरता को 'न्याय' और गुलामी को 'शांति' का नाम देती है। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में शब्दों की मूल आत्मा को बचाए रखना और उन्हें उनके वास्तविक, जनवादी अर्थ में प्रयुक्त करना किसी भी समाज और विशेषकर बुद्धिजीवी वर्ग की सबसे बड़ी नैतिक जिम्मेदारी बन जाती है।

बाहरी दुनिया और समाज के साथ-साथ हमारी अपनी आंतरिक दुनिया, हमारा मनोविज्ञान और हमारी निजता भी पूरी तरह से शब्दों के ही ताने-बाने से बुनी गई है। हम बिना शब्दों के सोचने की कल्पना भी नहीं कर सकते। हमारी स्मृतियां, हमारे आघात, हमारे सपने और हमारी आकांक्षाएं, सब कुछ उस 'स्व-संवाद' पर निर्भर करते हैं जो हम अपने भीतर निरंतर चलाते रहते हैं। एक मनुष्य की पहचान और कुछ नहीं बल्कि वह कथा है जो वह स्वयं को शब्दों के माध्यम से सुनाता है। जब एक व्यक्ति अवसाद

से घिरता है तो दरअसल उसके भीतर के शब्द अपनी रोशनी खो देते हैं। वहीं जब हम किसी उत्कृष्ट कविता या साहित्य को पढ़ते हैं तो हमारे भीतर नए और ऊर्जावान शब्द जन्म लेते हैं जो हमारे मानसिक क्षितिज का विस्तार कर देते हैं। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित चिली के महान कवि पाब्लो नेरुदा ने अपने संस्मरणों में शब्दों की इसी भौतिक और जादुई उपिस्थति का वर्णन करते हुए लिखा है, 'मैं शब्दों से प्यार करता हूँ, मैं उनसे लिपटता हूँ... वे मुझे पत्थरों की तरह, रत्नों की तरह प्रतीत होते हैं।' एक वास्तविक रचनाकार के लिए शब्द केवल शून्य में गूंजने वाली अमूर्त ध्वनियां नहीं हैं बल्कि वे ठोस आकार हैं जिनसे वह इंसानी भावनाओं और अनुभूतियों की मूर्तियां गढ़ता है।

सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परप्रेक्ष्य में देखें तो मानव सभ्यताएं अपने शब्दों और वाङ्मय के माध्यम से ही सदियों तक जीवित रहती हैं। जब कोई भाषा या बोली मरती है तो केवल कुछ शब्दकोश के पन्ने नहीं मरते, बल्कि दुनिया को देखने का एक पूरा का पूरा नजरिया एक पूरी संस्कृति का पारिस्थतिक तंत्र और एक पूरा ब्रह्मांड हमेशा के लिए लुप्त हो जाता है। हमारी अपनी भारतीय परंपरा में श्रुति और स्मृति के माध्यम से हजारों वर्ष पितृक ज्ञान का जो अथाह प्रवाह पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ा, वह शब्द की ही अजेय और शाश्वत शक्ति का परिचायक है। ऋग्वेद के नारदीय सूक्त के ब्रह्मांडीय रहस्यों से लेकर उपनिषदों के गंभीर दार्शनिक विमर्श तक और फिर वहां से लोकभाषाओं में रचे गए कबीर, तुलसी और रैदास के संत साहित्य तक - सब कुछ शब्दों के माध्यम से ही आम जनमानस की चेतना में गहरे तक उतरा है। उत्तर-संरचनावादी विचारक ज्याक देरिदा का यह बहुचर्चित सिद्धांत कि 'पाठ के बाहर कुछ भी नहीं है', इसी तथ्य को पुष्ट करता है। इसका आशय यही है कि हमारे अनुभव, हमारे सत्य और हमारी वास्तविकताएं पाठ या शब्दों से ही निर्धारित होती हैं। हम उसी यथार्थ को भोगते हैं जिसे हमारे शब्द रचते हैं। इसलिए, जब अनुवाद के माध्यम से दो भिन्न संस्कृतियों के शब्द आपस में मिलते हैं तो केवल वाक्यों का रूपांतरण नहीं होता बल्कि दो अलग-अलग गढ़ी गई दुनियाओं का एक भव्य और ऐतिहासिक मिलन होता है।

आज के डिजिटल, सूचना-प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)के युग में यह विमर्श एक अभूतपूर्व और जटिल मोड़ पर खड़ा है। हम एक ऐसे समय में जी रहे हैं जहाँ शब्दों का उत्पादन मानवीय चेतना के साथ-साथ मशीनों और एल्गो रिदम द्वारा भी किया जा रहा है। फ्रांसीसी समाजशास्त्री ज्यां बोद्रिलां ने 'सिमुलैक्रा एंड सिमुलेशन' में जिस अति-यथार्थ की बात की थी, वह आज हमारे सामने शब्दों के इस अबोध और भ्रामक प्रवाह के रूप में मौजूद है। इंटरनेट की आभासी दुनिया ने शब्दों के माध्यम से एक ऐसा मायाजाल गढ़ दिया है जहाँ सत्य और झूठ, यथार्थ और फंतासी के बीच की रेखा पूरी तरह से धुंधली पड़ गई है। 'पोस्ट-ट्रूथ' (उत्तर-सत्य) के इस दौर में शोर और प्रोपेगेंडा उन शब्दों पर भारी पड़ रहे हैं जो कभी वस्तुनिष्ठ तथ्यों और मानवीय संवेदनाओं का प्रतिनिधित्व करते थे। अकादमिक जगत और आज के युवा रचनाकारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वे तकनीक के इस मशीनी शोर के बीच शब्दों की उस मानवीय धड़कन और उनकी पवित्रता को कैसे बचाए रखें। निष्कर्षत:,'शब्दों से गढ़ती हुई दुनिया' एक ऐसा अनंत और बहुआयामी कैनवास है जिस पर मानव सभ्यता का संपूर्ण इतिहास,

वर्तमान का संघर्ष और भविष्य की संभावनाएं चित्रित हैं। शब्द केवल सफेद कागज पर छपे हुए निर्जव काले निशान नहीं हैं; वे जीवित हैं, वे सांस लेते हैं, वे समय के साथ अपनी केंचुली बदलते हैं और युग की मांग के अनुसार अपना अर्थ नया करते हैं। वे शोषक की तलवार भी हैं और शोषित का मरहम भी, वे अज्ञान की जंजीर भी हैं और ज्ञान से मिलने वाली मुक्ति का मार्ग भी। हमें यह समझना होगा कि हम केवल इस भौतिक दुनिया के निवासी नहीं हैं बल्कि हम मूलरूप से 'शब्दों की दुनिया' के ही नागरिक हैं। हमारा यह परम कर्तव्य है कि हम अपने समय के सत्य, अपनी पीढ़ी की पीड़ा और अपने सपनों को पूरी निर्भीकता और कलात्मक ईमानदारी के साथ शब्दों में पिरोएं। महान शायर फैज अहमद फैज की वे कालजयी पंक्तियाँ-'बोल कि लब आजाद हैं तेरे, बोल जबाँ अब तक तेरी है'-केवल अभिव्यिक्त की आज़ादी का एक राजनीतिक नारा भर नहीं हैं, बल्कि यह उस नई दुनिया को गढ़ने का एक सावभौमिक आह्वान है जो अन्याय, असमानता और शोषण से मुक्त हो। दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे उत्कृष्ट अकादमिक संस्थानों की वैचारिक उर्वरता और सार्थकता इसी बात में निहित है कि यहाँ के विद्यार्थी ऐसे नए विमर्श को जन्म दें और उन शब्दों का निमाण करें जो आने वाली सदियों को एक बेहतर, अधिक तार्किक और गहरी मानवीय संवेदनाओं से भरी दुनियां का उपहार दे सके। जब तक मनुष्य के भीतर सत्य को उद्घाटित करने की जिज्ञासा और सौंदर्य को सराहने की प्यास शेष रहेगी तब तक शब्दों की यह असीम और जादुई दुनिया इसी तरह गढ़ी जाती रहेगी।

——o——

कमजोर कभी क्षमा नहीं कर सकते। क्षमा करना बलवानों का गुण है।

—महात्मा गाँधी

ज़िंदगी तू कहाँ



प्रियंका
बी.ए. हिंदी (विशेष), चतुर्थ वर्ष

जिदंगी तेरे दिन क्यों है इतने कम? कभी खुशी है तो कभी गम।

कभी हंसाते है तो कभी रुलाते है। जरा बता
जिंदगी कहां है तू?

कुछ रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। कुछ अपने साथ ही चलते जाते हैं।

किंतु हम उनसे नाता न तोड़ पाते हैं।

जिंदगी तेरे दिन क्यों है इतने कम? कभी खुशी है तो कभी गम।

कल क्या होगा ये किसने देखा आज में जियो
वही है एक मौका।

कुछ रिश्ते रुलाकर भी नहीं पूछते मगर कुछ रिश्ते हंसाकर भी जिंदगी से नहीं बच पाते,
जिंदगी तेरे दिन क्यों है इतने कम ?

कभी खुशी है तो कभी गम। जरा अब तो बता दो
जिंदगी कहाँ है तू?

——o——

सच्ची भक्ति और कर्म



हर्ष शर्मा
संस्कृत (विशेष), प्रथम वर्ष

लेकर शंभू का नाम
क्यों बाँधते हो स्वयं को मदिरा के बंधन में?
जिस नाम को लेकर चलते हो
उसी नाम का क्यों अपमान करते हो?

कहते हो तुम भक्त महाकाल के
फिर भी नशे में डूबे रहते हो,
इतना अपमान कहाँ तक करोगे
क्यों अज्ञान में खोए रहते हो?

पूजा भी उसी की करते हो
संकट में उसी को पुकारते हो,
फिर कहते हो - जीवन में कष्ट क्यों?
कर्मों का फल समझते क्यों नहीं?

एक ओर बुराई अपनाते हो
दूसरी ओर अच्छाई दिखाते हो,
अपने ही कर्मों के बोझ तले
दुखों में जीवन बिताते हो।

जय-जयकार भी उसी की करते हो
और अंधकार की राह भी चुनते हो,
जिस महाकाल को तुम पूजते हो
नारायण भी उनको नमन करते हैं।

जो काल से भी परे खड़े हैं
जिनसे स्वयं काल भी भय खाता है,

कालकूट विष जो पी गए
जग का संतुलन वही बनाए रखते हैं।

देवताओं में भी साहस न था
शिव सा विष पी जाने का,
उन्हीं में वह सामर्थ्य था
जग को संकट से बचाने का।

तुलना अपनी उनसे मत करो
तुम उनका क्या सम्मान करोगे?
जिन्हें स्वयं नारायण पूजते हैं
उन्हें तुम कैसे समझोगे?

वही ज्ञानी, वही ज्ञान के दाता,
अज्ञान को जो दूर भगाते हैं।
वही परम ब्रह्म, वही सत्य हैं
जिनसे सारा जग प्रकाशित है।

जिसे पूजते हो,
क्यों उसका नाम बदनाम करते हो?
जिससे तीनों लोक स्थिर हैं
उसका सदा सम्मान करो।

स्वयं राम ने भी शीश नवाया
रामेश्वर में शिवलिंग स्थापित कराया,
राम भी थे विष्णु के अवतार
पर तुम तो वैसे नहीं हो।

जानो पहले तुम सत्य को
फिर किसी का अपमान करो
कहते हो – मैं पाप नहीं करता
फिर कष्टों से क्यों व्याकुल होता हूँ?

सामर्थ्य रखो अपने जीवन का,
जैसे कर्म तुम्हारे हैं, वैसे ही फल होंगे।
कर्म करते जाओ नि:स्वार्थ भाव से,
फल से क्यों इतना डरते हो?

अगर कर्म शुभ न होंगे
तो फल भी शुभ न आएगा,
यही सनातन सिद्धांत है
जो इसे समझे, वही जीतेगा।

करो चिंतन अपने ऊपर
मन स्वयं तुम्हें बताएगा,
जीवन में केवल कर्म सुधारो
नशे से स्वयं को दूर रखो।

न छुओ उस विष को
जो चेतना को हर लेता है,
सच्ची भक्ति का जो आनंद है
वह किसी नशे से नहीं मिलता है।

एक अलग ही आनंद मिलेगा
जब मन शिव में लग जाएगा,
फल की चिंता छोड़ दो तुम
देने वाला स्वयं प्रभु है।

——o——

"सौ बरस लौं जगत मंहि, जीवत रहि करू काम।
रैदास करम ही धरम हैं, करम करहु निहकाम।।"

—संत रविदास

मेरी माँ



अमन कुमार झा
बी.ए. हिंदी (विशेष), चतुर्थ वर्ष

माँ की गोद में था जब छोटा सा बालक,
दुनिया के हर तकलीफ लगती थी हल्की।
उंगली थामकर चलना सिखाया था तुमने,
हर गिरने पर खुद से पहले दौड़ी आई थीं।
रातों को जागकर थपकी दी है तुमने,
नींद अपनी खोकर मेरी नींद सँवारी।
बुखार में माथे पर हाथ जब रखती थी,
लगता था दर्द सारा पल में उतर जाता।
स्कूल के पहले दिन रोया था मैं जमकर,
आखें भिगोकर तमु ने हँस कर विदा किया।
टिफन में रखती थी मेरी मनपसंद चीजें,
भूख मेरी का हिसाब हमेशा याद रहा।
परीक्षा की रातों में चाय बनाती थीं,
बिना कहे समझ लेती थी थकान मेरी।
जब दोस्तों से लड़कर रोता घर लौटा था,
तुमने सुना, समझाया, गले से लगाया।
जवानी में जब अपनी दुनिया में खो गया,
माँ को भूल गया उन व्यस्त दिनों में।
पर तुम्हारी दुआएँ साथ चलती रहीं,
हर मोड़ पर अनजाने बचाती रही हो।
घर से दूर गया जब पहली बार अकेला,
तब जाना कि माँ क्या होती है असल में।
हर अजनबी शहर में याद आई हो तुम,
रसोई की खुशबू तक दिल को तरसाती रही।
आज भी फोन पर जब आवाज सुनता हूँ,
सब कुछ ठीक हो जाता है एक पल में।
उम्र मेरी बढ़ती है, तुम बूढ़ी होती हो,
पर माँ वाली ममता में कोई फर्क नहीं।।
जितना समझूँ तुम्हें उतना कम लगता है,
हर जन्म में माँ तुम ही चाहिए मुझको।
दुनिया की हर दौलत एक तरफ रख दूँ
माँ तेरा आँचल सबसे बड़ा खजाना है।

——o——

इंतज़ार का घर



मनीष कुमार
बी.ए. हिंदी (विशेष), तृतीय वर्ष

गाँव के उस आखिरी मोड़ पर एक घर है,
जिसकी दीवारों पर वक्त की दरारें उग आई हैं।
छत अब भी वही है, आँगन भी वही,
बस कदमों की आहटें कहीं खो गई हैं।
माँ सुबह उठकर तुलसी में पानी डालती है,
और धीरे से कहती है - "आज शायद आएँ-"
फिर खुद ही मुस्कुरा देती है,
जैसे अपने दिल को समझा रही हो।
रसोई में अब भी चार रोटियाँ बनती हैं,
हालाँकि खाने वाले सिर्फ दो बचे हैं।
वो आदतें नहीं बदलतीं,
जिनमें बच्चों की भूख बसी हो।
बाप खाट पर बैठा दरवाजे की तरफ देखता है,
जैसे आँखें रास्ता नाप रही हों।
कभी-कभी पुरानी कॉपियाँ निकालकर देखता है,
जिन पर टेढ़े-मेढ़े अक्षरों में "पापा" लिखा होता था।
शाम ढलती है तो आँगन लंबा हो जाता है,
पर साया छोटा पड़ जाता है।
चूल्हे की आँच में अब उतनी गर्मी नहीं,
जितनी कभी बच्चों की शरारतों में हुआ करती थी।
त्योहार आते हैं, मिठाई भी आती है,
पर हँसी नहीं आती।
मोमबत्तियाँ जलती हैं,
पर घर में उजाला कम ही उतरता है।
फोन बजता है -
"हाँ माँ, हम ठीक हैं आप अपना ध्यान रखना..."
बात दो मिनट में खत्म हो जाती है,
पर माँ का दिन उसी आवाज पर टिका रह जाता है।
बाप बाहर लोगों से कहता है-
"बच्चे बहुत व्यस्त हैं, बड़े आदमी बन गए हैं..."
पर रात को चुपचाप करवट बदलते हुए
तकिए से सवाल करता है -
"क्या हम इतने छोटे हो गए?"
धीरे-धीरे घर बूढ़ा नहीं होता,
इंतज़ार बूढ़ा होता है।
और माँ-बाप उम्र से नहीं,
अकेलेपन की धूप से झुलसते हैं।
एक दिन जब दरवाजा सच में नहीं खुलेगा,
तब शायद बच्चे लौटेंगे -
पर तब घर मिलेगा, घर वाले नहीं।
और तब समझ आएगा -
कि तरक्की की ऊँचाई पर खड़े होकर भी
जड़ों से कट जाना
सबसे गहरी गिरावट होती है।

——o——

जीवन का मोल



मृदुल सक्सेना
बी.कॉम (ऑनर्स), तृतीय वर्ष

हर एक मंजिल का मोड़ होगा,
हर एक कदम का मोल होगा।
आज जो लक्ष्य साधा है,
वो आने वाले कल में होगा।

हर उस रथ का पहिया होगा,
जिस पहिये को श्री कृष्ण ने उठाकर अर्जुन के सामने चुनौती रख दी,
उस संकट का भी कल युग में हल होगा।

सुना है जीवन का मोल है बहुत,
लोग अपना रक्त देने से भी कतराते हैं।
मैं उस जीवन की बात कर रहा हूँ,
जिस जीवन को द्वापर में अंगूठे की
गुरु दक्षिणा भेंटकर अपना स्वाभिमान बचाते हैं।

इतिहास साक्षी है – हर एक लक्ष्य का मोल होगा
जो लक्ष्य सोचा है उठने से लेकर सोने तक,
वो आज नहीं तो कल होगा।
जीवन जीने का परिचय इसी से तो आरंभ होगा।

हर एक बात का निर्णय संतोषजनक होगा–
देखा है। अपने आपको दर्पण में,
वही आगे जाकर एक नया पहलू होगा।

आकांक्षी होना गलत नहीं,
उन आकांक्षाओं का भी तो मोल होगा।
जो जीवन का आधार है,
वो निश्चित सफल होगा।

देखा है जिन्हें बचपन से हल चलाते,
उनके कंधों का बोझ आनेवाले कल में कम होगा।
उनकी आकांक्षाओं का भी रात-दिन मेहनत करके सपना सच होगा।

उनके जीवन जीने के तरीकों में भी परिवर्तन होगा
जब उनके कंधों की जिम्मेदारयों का थैला
मेरे कंधों पर होगा।
आने वाली परिस्थितियों में भी परिवर्तन होगा,
जब एक आकांक्षी का सपना सच होगा।

समाज में रहनेवालों का मुँह तब बंद होगा,
जब मेरा नाम मेरे पिता के साथ
घर की नेमप्लेट पर होगा।


पड़ोसियों का गेट अब जब खुलेगा,
जब मेरी माता का भेजा हुआ निमंत्रण उन तक जाएगा।
अब उनके घर में वही सामजिक कलेश दोहराएगा।

इसी उम्मीद में, मैं अपना जीवन उन पर न्यौछावर कर देता हूँ,
कि उनके कंधे कब तक जिम्मेदारयों से भरें रहेंगे –
इसका भी तो मोल मुझे इसी जन्म में देना होगा।

जिस माँ ने नौ महीने पेट में रहकर हर वो दर्द सहा,
उनको भी तो बुढ़ापे पर हड्डियों में दर्द होगा।
मैं गिरकर भी खड़ा हो जाऊँगा,
क्योंकि उनको आने वाले दिनों में देना सुकून जो है।

माना वक्त है बहुत, लेकिन
उनके जीवन में भी परिवर्तन लाना है।
ये ही संकल्प लिए मुझे
पूरा जीवन उनके साथ बिताना है।
एक आकांक्षी के जीवन का मोल भी तो चुकाना है।

जागृत मनुज



सूरज
बी.ए. (ऑनर्स), द्वितीय वर्ष

उठो मनुज अब चक्षु खोलो,
देखो अब प्रभात हुआ है।
क्यों खोए हो स्वप्न लोक में,
क्या हृदय आघात हुआ है?
उठ, खड़ा हो, लक्ष्य भेद तू,
नया सवेरा खुद में ला।
शक्ति अदम्य छिपी है तुझ में,
शूरवीर बन, जग पर छा।
बलशाली सामर्थ्य है तेरा,
क्यों उसका आभास नहीं?
तू अनंत का अंश है मानव,
क्या तुझको विश्वास नहीं?
उठा तर्कश, अब बाण साध तू,
अचूक लक्ष्य को भेद डाल।
उठो मनुज अब चक्षु खोलो,
रच दो नया स्वर्णिम काल।

——o——

अब पिंजरा टूटेगा



मृदुल सक्सेना
बी.कॉम (ऑनर्स), तृतीय वर्ष

बंधे कदमों की आहट से जो अनजान रहे होंगे,
एक बार खोल दिया पिंजरा।

तो वही मोहल्ले की सुबह की अजान रहे होंगे,
परिंदों की आवाज को तुम पहचानो।

न जाने कितने परिंदे यूँही चुप-चाप एक पिंजरे में कैद,
दिल में लिऐ तूफान रहे होंगे।

जैसे बाँध दिया तुमने अपनी अर्धांगिनी को है,
उसके हाथ भी तुम्हारी कामयाबी के पीछे रहे होंगे।

उसकी ख्वाहिशों के पंख मगर, कभी न कभी
फड़फड़ाए जरूर होंगे।

एक पिंजरे की पहचान
उसके खोते हुए आत्मसम्मान से रही होगी।

जैसे रोक लगाई तुमने उसकी उड़ान पर,
न जाने कितने वक्त तक तुम लगा पाओगे।

आकाश में उछलते परिंदे उसे बुला जो रहे होंगे,
उसकी पहचान में अपनी उड़ान फिर से डाल जो रहे होंगे।

बंधे हुए हाथों के पीछे, उसके कोई न कोई पहचान
के सारथी रहे होंगे।

एक बार टूट गया पिंजरा,
न जाने कितने अपनी पहचान मे जिए होंगे।

मैं माया हूँ



शिवी शर्मा
बी.ए. (ऑनर्स), द्वितीय वर्ष

हाँ देखो मुझे मैं माया हूँ
मैं लालची और अमीर का साया हूँ ,
गरीब तड़पते हैं मेरे लिए
पर संन्यासियों का सताया हूँ।

मैं कागज का मैं लोहे का
मैं चांदी का मैं सोने का,
खुशी मुझे थोड़ा पाकर
गम हैं ज्यादा खोने का, मैं माया हूँ।

देखते हैं मेरी मौजूदगी लोग
लड़का देखने जब जाते हैं,
कितनी जमीन खरीदी मुझसे
मन में सवाल ये आते हैं।

ताकत देखो मेरी जरा
कितना मजबूर कर सकता हूँ,
भाई को अपने भाई से
कोसो दूर कर सकता हूँ।

मेरे लिए मौत के कुएं में
लोग लगाते जान की बाजी हैं,
मैं माया हूँ
अमीर लालची लोगों का साया हूँ।

——o——

एक निगाह से देखना कलाकार की निगाह से देखना नहीं है।

—अज्ञेय

अधूरी कहानी



मेघा
बी.ए. (विशेष), तृतीय वर्ष

कहीं पढा था मैंने,
कि असल में मरता कौन है?
वो शख्स जो सच में चला गया,
या वो, जो उसके जाने के बाद,
अकेलेपन में रह गए।

और तभी एक ख्याल आया,
उनके लिए, जो चले गए चुपचाप,
ना आखिर बार गले लगे,
बिना अलविदा कहे।

उस घर का हर कोना,?
आज भी तुम्हें ढूँढता है,
हर दरवाजे पे दी गई दस्तक,
आज भी तुम्हे सुनना चाहती है।

पर लौटकर आता है- सिर्फ सन्नाटा,
और ढेर सारी यादों की दस्तक,
जो आज भी याद आने पर,
मेरी आँखें भिगो देती हैं।

मेरे हिसाब से -
शायद मौत आने पर सिर्फ शरीर मरता है,
रूह यहीं रह जाती है, जो कभी तस्वीरों के जरिये,
या ख्वाबों में आकर, हमें गुफ्तगू कर जाती है।

मुझे अब लगता है-
जब भी जन्नत में महफिलें सजाई जाती होंगी,
तब वो भी हमें याद करते होंगे,
शायद दिल में अब भी,
हमसे मिलने की आखिरी ख्वाहिश रखते होंगे।?

मैं उनसे मिलना चाहूंगी,
उस जहाँ में, जहाँ अधूरी कहानी,
वापिस लिखी जाती है।

कयोंकि मेरे हिसाब से,
मरता कोई नहीं है,
बस बीच में अपनी कहानी,
अधूरी छोड़ जाते है।

——o——

गीता जिस कर्म का प्रतिपादन करती है, वह मानव-कर्म नहीं अपितु दिव्य कर्म है।

– श्री अरविंद

यमुना : श्री



सुहानी वर्मा
बी.एस.सी. (ऑनर्स), द्वितीय वर्ष

जब प्रभू धरा पर थे सब कुछ चंचल सा था,

माँ यमुना का नीर कुछ श्याम रंग में परिवर्तित होने को था

जल विषैला और आस पास
जीवन का कण नष्ट होने को था

वह समय था जहाँ मानो ब्रज की यमुना मे विष प्रकट हो आया है

वह कालिया नाग थे जो यमुना की गोद मे छूपे बैठे थे

और अपने ही अहंकार में जीवन ध्वस्त करने की राह पर थे

मुझे ज्ञात है कि यह कुछ जाना सा होगा

शायद कुछ रोज आप सुनते होंगे

हर मुख पर एक ही शब्द है माँ यमुना,

श्री ने तो कालिया नाग को पराजित कर दिया था

तो फिर क्यों यमुना का जल कुछ श्याम रंग मे होने को है

क्यों उस जल को विषैला घोषित किया गया और क्यों जीवन खतरे मे हैं।

शायद अब कालिया नाग जल के भीतर न होने के बजाए जल के बाहर हैं,

वह अपने कई मुख झलकाता नहीं है

वह एक मुख के संग ही कई लिए चलता है

उनके मुख में विष है एवं मन मे स्वार्थ

उनके तो मस्तक पर श्री के पदचिन्ह भी नहीं हैं

शायद अभी उनका मार्गदर्शन नहीं किया गया

शायद प्रभु अभी आए नहीं हैं या शायद जो आवाज वह किसी के द्वारा प्रकट करते है

उस ध्वनि को कुछ भ्रष्टाचारी लोग चुप करा देते हैं

और कई कालिया नाग यमुना को विषैला कर चले जाते हैं।

——o——

भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि आप आज क्या करते हैं

—महात्मा गाँधी

तक



मृदुल सक्सेना
बी.कॉम (ऑनर्स), तृतीय वर्ष

आर्यावर्त की चर्चा होगी,
मगर अब वह सम्मान नहीं होगा।
धृष्टता का भार मेरे लिये, पर अब मान नहीं होगा।
रहने दें, हे मातागांधारी, अब मुझे सत्कार नहीं होगा।
कुरु वंश की कुल वधू,
पूरे आर्यावर्त की समरागिनी।
गांडीव धारी अर्जुन सहित सब भाईयों की बनी अर्धांगिनी।
मेरा ऐसा सम्मान हुआ
तो कलयुग में सामान्य स्त्री का क्या होगा?
रहने दें, हे माता कुंती
अब तो महासंग्राम ही होगा।
द्रुपद – कन्या द्रौपदी, अपने नगर की थी मैं
खुशहाली, भाई शूरवीर और बहन शक्तिशाली।
मेरे बेच गए मुझे चौसर में,
जिनको करनी थी रखवाली।
रहने दें, हे आर्य!
अब मुझसे आपका सम्मान नहीं होगा।
जिस सभा में मैं रोई,
वहाँ धर्म भी मौन खड़ा था।
जिन्हें करनी थी मेरी रक्षा,
वही मेरे विरुद्ध खड़ा था।
अब अपमान की अिन से ही, न्याय का दीप जलेगा।
तक हुआ बहुत अब सम्मान नहीं, रणभूमि में सीधा महासंग्राम होगा।
जागती रातों का जुनून यूँ बेचैन रातों में न सोए,
अँधेरे में जागे हुए कमरे में
किताबों के पन्नों की आवाज को महसूस करना।?
जो पंखे के झोंके के साथ गूंजती हुई याद दिलाती है कि अभी संघष जारी है,
इसलिए अब तक तुम सोए नहीं।
अँधेरों में जागे हुए कमरों में उजाले को महसूस करना,
जो आधी रात में सपनों को उड़ान में तब्दील कर रहा है।
यूँ बेचैन रातों में बारिश का होना,
उससे खिड़की पर गिरती हुई
बारिश की एक-एक बूँद याद दिलाती है कि तुम अब तक जागे हुए हो।
बारिश के बाद शीतल और ठंडी हवाओं के झोंकों का दिलासा देना –
ये तुम्हारा जुनून ही तो है,
जो तुम्हें जगने पर मजबूर नहीं, बल्कि ताकतवर बनाता है।
थकी हुई आँखों में भी
उम्मीद का उजाला भर जाता है, हर जागी हुई रात ने ही मेरे सपनों को संभाला है।

धारणा



कनिष्का
बी.ए. (विशेष), तृतीय वर्ष

ये धारणा का खेल है, जो मन ही मन पनपता है
ये सोच का ही मेल है जो पल ही पल बदलता है।
क्या सच में सब जो दिखता है,
असल में वह ही होता है?
या है ये कोई धारणा,
जो हर कदम पर बिकता है।

ये मन जहाँ बहलता है, कहाँ गलत कुछ लगता है
रुक गया, ठहर गया, तो फिर भला ये चलता है?
साथ कोई होता है, न मुश्किल कुछ भी लगता है
डर सताता है तभी, अकेला जब तू चलता है।
ये धारणा का खेल है, जो मन ही मन पनपता है

इतना ही है डर तुझे अगर रात के अंधेरे से।।
तो भर उडान छिनने को रौशनी सवेरे से।
सोच तू अगर ये आसमान तक बढाएगा
ना छुआ फलक तो क्या, उड़ान तो भर जाएगा ।

क्यूं मर मिटे तुम सभी, सब एक साथ करने को।।
कुछ आज कर, कुछ छोड दे कल को कुछ तो करने को
जो जा चुका चला गया, आगे सब अनजान है,
क्यों सोच कल के बारे में तू आज ही परेशान है?

ये धारणा का खेल है, जो मन ही मन पनपता है
था आज कुछ कल कुछ और, यूं ही तो बदलता है।
उस सोच का ये मेल है, जो पल ही पल बदलता है
अड़िग रहोगे राह पर, जो हो सफल उभरता है।
ये धारणा का खेल है, जो मन ही मन पनपता है

प्रण किया जब मन में तो, राह निकल ही आएगी
आई आंधियाँ एक पल में तो फिर रौशनी भी आएगी।
अगर है जुनमन मन में तो, मंजिल कहां फिर दूर है
छोड़ न तू होंसला, फिर जीत भी मजबूर है।

ये धारणा का खेल है, जो बस में तेरे चलता है,
दिखाता है ये पथ तुझे, तभी तो इस पर चलता है।
ये खेल थोडा हटके है न कम किसी माया से है।।
होता कुछ, दिखाता कुछ, है भिन्न ये काया से है।

ये धारणा जीवन की है ये धारणा अपनो की है।।
खुली हुई आंखों से ये देखे हुए सपनो की है।
हर प्रश्न की है धारणा, तो उसका ये उतर भी है
हट जाए पीछे ये अगर, तो है खडी तत्पर भी है।

न तेरी इसमें गलती है, न मैं ही गुनहगार हूँ।।
मैं तो तेरे मन का बस, एक छोटा सा विचार हूँ।
इस विचार का जो थाम ले तो सभी हर साकार हूँ,
वरना ख्वाइशों का तो खुला पडा बाजार है।

ये धारणा का खेल है, जो मन ही मन पनपता है
ये सोच का ही मेल है जो पल हर पल बदलता है।
क्या सच में सब जो दिखता है, असल में वो ही होता है?
या है ये कोई धारणा, जो हर कदम पर बिकता है।।

आशा की किरण



शगुफ़्ता
बी.ए. हिंदी (विशेष), चतुर्थ वर्ष

अंधेरी रात के उस पार भी,
एक सुबह छुपी होती है कहीं।
निराशा के इस घने कोहरे में,
आशा की किरण चमकती है वहीं।

जब सब कुछ खोया हुआ लगे,
जब हर रास्ता बंद-सा दिखे,
तब भी दिल के कोने में कहीं,
एक उम्मीद की लौ जलती रहे।

टूटे हुए सपनों के मलबे में भी,
कोई नया सवेरा छुपा होता है।
जो हार मानकर बैठ जाता है,
वो अपनी मंजिल खो देता है।

आशा वो दीपक है जो बुझता नहीं,
तूफानों में भी जो झुकता नहीं।
जब तक जलेगी ये किरण मन में,
तब तक कोई हार सकता नहीं।

काली रातें भी ढल जाती हैं,
सुबह की किरणें फिर आती हैं।
बस विश्वास बनाए रखो दिल में,
हर मुश्किल आखिर टल जाती है।

जो उम्मीद का दामन थामे रहते हैं,
वो हर तूफान में भी जीते रहते हैं।
आशा से ही जीवन में रंग भरे हैं,
आशा से ही सपने साकार बने हैं।

चाहे कितनी भी हो अंधियारी राह,
आशा की किरण दिखाएगी सही राह।
यही है जीवन का सबसे बड़ा सच,
उम्मीद रखो, कल फिर होगा सूरज।

English Section

Editorial



Ms. Uma Gupta
Department of English

Creativity has always been seen as the final frontier of human intelligence. Today's world is precariously placed, poised between the insurmountable dilemma of passing the verdict whether Artificial Intelligence will eventually become sentient or not, and continuing with age-tested and continuously experienced sanctities of human experience. Cognitive linguists and digital communication technologists continue to strive towards artificial intelligence models that can reproduce natural language models with zero error precision. The current advancements in Artificial and Generative AI have indeed not only created possibilities of ruptures in terms of traditional systems of knowledge generation, compilation, and access but also how we express the innermost workings of human mind and soul. Intellectuals, scientists, philosophers and educationists, following classical models of creativity, continue to experience these discontinuities and tensions. Classicists, who believed creativity to be either God-gifted or a mark of unique human endeavour, have indeed been made to take a moment's pause, think anew the direction of digital interventions, and devise newer models of interpretation. Developments in terms of the research being conducted in Large Language Models, the bedrock of all that arterial intelligence is able to achieve today, especially in the humanities and literary domains, render significant doubts over above mentioned binaries and boundaries remaining insulated for long. Humanity is poised at a threshold uniquely singular and unprecedented in any epoch of human history. The pace of change is mind-bending and neck-breaking.

In this context, the current generation of students, enrolled in any education system in any part of the world, not only negotiates the classical models of information dissemination and knowledge creation that were traditionally part of the human vault, but is also expected to compete with the machines. There are not only ethical issues involved but also greater scrutiny in qualitative terms about the outcomes of their human interventions. Juggling between the ever-present temptation to access suggestive forays available at the click of a button, and struggle involved in the task of being true to the inner contemplative, creative impulse, the struggle doesn't look any bit short of a war arena. The war is fought and the struggle is experienced equally tenaciously by the mentors entrusted with the task of evaluating these outputs. Crucially and interestingly, however, there still seems to be hope for human ingenuity and potential where the man and the machine have still not made the proverbial "connect". They continue to operate in their own inner insulated, contained spheres and continue to either 'design', influence or inspire each other.

With this background of the ever-changing, digitally-mediated world of human experience, learning , creativity and writing, it has indeed been heartening to celebrate the predominance of "the human" in the pieces compiled in the present section of Ankur. Though there is certainly

a need to acknowledge the complexity of this mutual hermeneutics, the angst, compassion, loneliness, love, curiosity and, most importantly, flight of imagination, still continue to win the war for our human contributors. The present compilation brings diverse, varied and multiple nuances of human experience in the form of both poetry and prose. There is a subtle reliance where tradition, mythology, and religion continue to influence our patterns of expression or metaphors, and happily so! Who could have ever thought of “copying” and “pasting” the vast potentials of human psyche and soul on any “drive”!

I wish to thank all the individual writers who trusted us with their work. Without this trust, this endeavour would not have been possible. I also wish to thank our student editors B. Parijat, Akash Kumar, Naina and Manshi Sharma, students of B.A. Hons. English, for their relentless effort in compiling, editing and proof reading the English section. All errors of omission or commission are entirely my own. I wish the readers happy reading! I hope you enjoy reading these pieces as much as I have enjoyed bringing them to you.

Bruised Bloom



Tirbir Rodali Akajali
B.A. Prog. (History + Pol. Sc.), 2nd Year

Tears on a withered flower fall with a sting

each drop a small funeral

for what once was a party of redolence.

Drop by drop the petals drink the tears, an unexpected rain,

learning too late

that sorrow is also rain.

The roots remember the fragrance deeper;

they sip the salt, the regret, fold it into a darker red.

Not resurrection, not return, only a bruised kind of bloom, the slow,

stubborn alchemy of memory becoming grief.

Petals brittle, almost a surrender, yet the thorns rise, unapologetic,

still holding their head against the ruin. My finger finds one now;

A bright bead wells, mirroring the petals (once pale, now heavier, salt-darker).

I too taste salt,

drinking in quiet resignation, drowning slowly in the same rain,

learning too late

that sorrow is also rain.

——o——

Behind the Walls



Shagun Mishra
B.A. (Hons.) Political Science, 2nd Year

There's a light I got trapped within

a table that sits there waiting for me to climb

it asks my name, and knows where I come from

it asks what I've done to deserve.

There's a silence I cannot speak for,

my eyes search for what's behind the wall,

the jumpers, the runners, how they must feel, for what are their names?!

I want to steal, I want to know...

The table asks me again and again... I stand there rubbing my feet...


but what of those who do not climb, what of those who break the wall?

I start with a scratch that shall speak to me.

Render me hope and set me free.

——o——

Walking Down The Strands of Kopou Phool .....



Manjeel Sarmah
B.A. (Hons.) Political Science, 3rd Year

I went to an enigmatic site; bygone times, where a lush green meadow escorted me.

Though I'm a greenhorn but I tried ploughing the golden pasture;

The gust of the river which people named 'Brahmaputra', held a solace in the zeal of joy.

Oh! The breeze brought a sweet-fresh scent of what they called 'Togor'.

The Indian *koel* trilled and amplified even more the blissful ambiance.

Oh the vitality of the masses are like that of the *keteki* bird-'Calm and easygoing'.

I endeavoured to probe the spot's name.

Whoopee! I found a white-beautiful red-bordered fabric interpreted as the name 'Assam'.

——o——



Akash Kumar
B.A. (Hons.) English, 3rd Year

I Must be waiting

I wish I could see you again,

With all the love beholding heartily.

I could amaze you again by my sight,

But not greater than what you held brightly.

I never saw a face like you painted yourself,

How generous, how bright, albeit beautiful, amazingly.

How could I stop thinking about ourselves?

My unfulfilled heart never held you tightly.

Hey you, the power of all happiness,

Could you please come back to me?

Your admirer is waiting for your smile,

Give me less of my life but more the brightness.

I wish I could hug you with more of the love I have,

So then you could be glad about your acquisition.

God left your deprived lover weeping alone,

Make me feel home again by your future possession.

–A Forlorn Uncle

(For his sweetheart, I loved you as I never did anyone before)

——o——

Letter to Heaven



Lanyara Horam
B.A. (Hons.) Political Science, 3rd Year

Dear Grandpa,
I hope heaven is being kind to you.
People say time heals everything, but it hasn't filled the space you left.
Everything is still the same for everyone else, but my world just feels smaller without you.

You were the kindest soul I've ever known.
The kind of kindness
That held my hands without asking why
That saved the sweetest fruits for me
That smiled even when you were tired.
You loved me in a way the world never will
So pure, so patient, so gentle and without conditions.
You loved me in the safest way.
I didn't see it then,
Your love was the standard my heart would quietly compare everything else to.

If letters can reach heaven, I hope this one finds you.
I hope you know your love didn't disappear when you did.
It stayed with me.
It's in the way I speak, in the way I care, in the way I love.
I promise I'll live the way you taught me, gently and kindly,
Until the distance doesn't matter anymore.


Please keep watching over me.
While I miss you every day.
With all the love you gave me first,
Your grandchild.

——o——

All the world's a stage,
And all the men and women merely players;
They have their exits and their entrances;
And one man in his time plays many parts,
His acts being seven ages

–William Shakespeare, *As You Like It*

A Shattered Soul



Janvi
B.A. (Hons.) History, 3rd Year

All of a sudden, she became a shattered soul.
One day she was going to the temple,
The next day, she was assaulted behind that temple.
One day she became a doctor,
The very next day, she was assaulted in the hospital.
One day she was travelling to a country,
The following day, she was assaulted in that country.
She became a shattered soul.
Where can she go now?
To people!?

Oh God! She lives in a society
Where a woman's body is considered the cause of humiliation,
Not the people committing the murder, the assault, or the theft.
She lives in a country
Where religion considers women as deities,
But its followers characterise her, blame her, and violate her.
She has nobody to go to.
She became a shattered soul.

That shattered soul once dreamed of having a "normal life",
But a few monsters made it "extraordinary".
They gave her not just injuries,
But a never-ending bag of traumas.

The ocean she saw in her dreams is now red.
The sky she wanted to fly in is red.
The house she lives in is red.
The body she had is red.
Everything is red,
Only she became white.

She is a shattered soul, just trying to live,
Spending time in a prison
For a crime she never committed.
And now –
She is left with scars
And a shattered soul.

I measure the progress of a community by the degree of progress which women have achieved.

– Bhim Rao Ambedkar

Island in the Sea




Subhmaya Patra
B.A. (Prog.) Economics, 3rd Year

Lonely in an alien land, in the tranquil lake of my life
You gleamed as the white bright moon;
With the charm of your magic wand
You did the magic, dear you're my boon.
Your jovial presence in my life gave me new birth.
In the rustic silence of my life, your voice touched my core
Your joy, your love and in you rests my mirth.
With every word you speak, when you grin, I find me in you more and more.
In search of happiness that I was
You drowned me in the flood of your love
Dry and bleak earth that I was
You turned me into a garden of flowers.
In you, in your beautiful blue sky
You gave me wings and taught me to fly
You added so many colours to my life;
That even the radiant rainbow would shy.
So, as long as the sun and the moon exchange their gaze
Or till the surceasing death do us part
In these eternal lines our camaraderie shall blaze
O' you resplendent one, the thief of my heart.

——o——

The Space Between



Tsewang drema
B.A. (Hons.) Political Science, 3rd Year

Some say a meter, others a mile.
That droplets never merge. I sat down on my balcony
And began to retrospect
What made the droplets not merge?
Perhaps it's just their hatred;
The buzzing, wise bee stands as precedent.
It showed how coming into contact can kill existence.
It is all edified that accumulation can sometimes destroy,
The goodness distressed me as I finally discerned.
Distance is adoration for an essential time frame,
I sat there and whined about life's irony.

——o——

Do space dogs dream of chasing the moon?



B. Parijat
B.A. (Hons.) English, 3rd Year

"Surely they'll come to get me.
Surely they didn't love me all that time for this."
— Alan Shapiro, "Space Dog"

Laika, *malyshonok*,
Forgive me for asking you to fetch
And not being there when you came rushing back.
Did you want to play with the blue ball?
Was the scorching heat worth the view?
Did you tilt your head and whine at your misery, resigning
Or scratch the window till your heart gave in?
Were you scared, Laika?
In that moment, did you think of all the false love we showered
On your kind little eyes that were doomed for their
very kindness and simplicity?
Did you miss us as I now miss you?
Did you know all along?
When we wept as we caressed you?
Do you curse us, Laika?
Do you have all the cuddles and treats that you want in heaven?
You did not have to go.
Every night I dream the same dream
Of being loved and letting go;
Like a balloon that slipped from a child's hands
Or a babushka left behind on a train with a one-way ticket.
I am sorry, *pyosik.*
I would give anything to have gone in your stead.

——o——

Vision is the art of seeing things invisible.

–Jonathan Swift

Hidden Light




Manshi Sharma
B.A. (Hons.) English, 3rd Year

A light which is hidden, but still always by my side
on this rollercoaster ride.
A light which made my life bright, gave me wings
to fly and looked at me with a beautiful sight.
Although we always fight but still you fulfill my
wishes;
You're the reason for my delight.
Might be your light misled me sometimes on
several paths, gave me pain;
But always remember, the sky sprinkles the
magical glitter only
after the thundering rain.
Today maybe you're hidden from all eyes,
but you are the one who wipes off my cries.
Awoke me, taught me to be on the goals,
called me ‘the brave soul’.
“Open your arms, spread them wide,
the whole sky is yours”, you keep on telling me
right?
You're the Truth, Knowledge, Hope, and
Illumination
not just the morning sun that lights;
You're the moon of my dark nights.
So never lower the flame!
You might never be 'Rama' nor 'Krishna' for me,
but you would definitely be the hidden light,
indeed sent by them for the pious love to claim.

——o——

A Dream in My Heart



Tanisha Dharvey
B.A. (Hons.) Political Science, 3rd Year

I walk on a road not very long,
Sometimes quiet, sometimes strong.
With little hopes and simple dreams,
Life is not always what it seems.
Some days bring sunshine and a smile,
Some days make the journey hard for a while.
But I keep walking, step by step,
With courage and hope that I have kept.
Friends walk with me on this way,
Laughing and learning every day.
In classrooms where our dreams take flight,
We slowly move toward the light.
One day these moments will pass by,
Like clouds that travel in the sky.
But the dreams we carry in our heart,
Will guide our future from the start.
So I will learn and I will try,
To reach my dreams, no matter how high.
Because every step that I take today,
Is building a better tomorrow on my way.

——o——

My Road to Happiness



Adeti Chauhan
B.A. (Hons.) English, 2nd Year

Today, a note was sought,
In search of joy, a moment caught.
While my mates rambled, their words took flight,
I sat, struck by a realisation's light.
In twenty years, have I felt this glow?
Cherished emotions, where did they go?
Are they lost in dreams, like whispers in air,
Or masked by ambitions that hold me in their stare?
Aiming for joys that I thought would last,
But a teacher's words echoed, deep and fast:
"Happiness lies in fleeting grace,
Not slow-moving tides that we often chase."
I nodded, yet pondered, is there room for my strain?
For my joy, perhaps, moves through a different lane.
To make my guardian angels proud, my aim,
In this journey of life, am I still the same?
Am I different from her, with my heart that believes,
Or naively waiting, as the mind weaves?
Time will reveal what shadows conceal,
What needs to be felt, what wounds need to heal.
For every creature, a distinct delight—
My cat finds joy in a fish at twilight.
A thief seeks solace in vulnerabilities near,
While my teacher finds happiness in moments sincere.
And I, on the brink of future's embrace,
May not feel joy, yet I long for its face.
Perhaps in the distance, where hope intertwines,
Lies a tapestry woven through heartstrings and signs.
So here I stand, uncertain yet bold,
With hope as my guide in this voyage untold.
For happiness, I believe, is a path we create,
Each step, a reflection of love, never too late.

——o——

Six Strings



Neha
B.A. (Hons.) English, 2nd Year

It feels like six strings are causing the
eruption of a small point having infinite energy,
Dispersing its vitality and making the first atom.
It feels like six strings are causing the
evaporation of all the excruciating pain from a dead cell,
the cell which takes millions of desires away from another.
It feels like six strings are releasing all the
emotions like fumes from an incense stick.
Twirling all around this body and entering
again and again through the nostrils.
These strings are like gamma rays, these are
like chemotherapy killing this treacherous cell.

It feels like these six strings are stroking my
hair, caressing my cheeks amidst this chaos.
Let me break this earthly tether, My lord.
Let me listen to the symphony of these six strings.

——o——

Flowers After a Storm



Sumona Giri
B.A. (Prog.), 1st Year

The storm howls loudly outside,
The windows are insistently rattling,
The trees are bowing to the merciless winds,
The skies are dark, and the clouds are wailing.
The cold seeps in with the scene.
I wish to close the curtains, but
The view has me transfixed
Uncertainty twists my gut.
After hours of torrential downpour,
The sun sends its rays to peek
Through the veil of clouds above;
And soon there are colours to cover what was bleak.
I go out to witness rain-soaked pavements
A mighty branch of a tree fallen.
It blocked my path helplessly
Lying defeated and broken.
I turned and sighed
Only to be greeted by a sight to reminisce;
Dainty flowers dancing in the light winds
Inviting a sense of untainted bliss.

——o——

The Space Between



Nitya Chaudhary
B.A. (Hons.) English, 2nd Year

Emptiness lingers, a shadow so near,
Everything's good, yet something feels unclear.
A feeling I'm running from, or maybe it's me,
My flaws, my strengths, or a face I can't see.
A smile, warm-hearted, yet it's not mine,
Searching for wholeness, I feel out of time.
Closeness grows distant, like words in the air,
I break down the walls, but does my past care?
Did that "me" ever exist, the one full of life?
Breathing in moments, filled with strife.
Each second brings death, but what do I wait for?
Is it the end, or is it my soul I adore?
Crying, I question, does change even come?
If nothing evolves, then what have I become?

The darkness surrounds, in my eyes it resides,
It scares me, yet comforts, where truth hides.
I've lived in this darkness, and it feels like home,
Chasing the light, though I'm left all alone.
What is this search? Where is this quest?
The darkness I know, the light is a test.

Why can't the dark be the blessing I seek?
Why does the light feel so distant, so weak?
I've tried to be someone, but found no way,
Maybe in the dark, I'll find my way.
Hope is what I seek, the reason I rise each day,
Holding life's string, unsure of the way.
It appears for a second, like fireworks in the sky,
Healing my inner child, then fading, goodbye.
Leaving darkness in the sky, no matter how far I gaze,

This is all I have, this uncertain maze.
Waking up with the sun's first ray,
Hoping for a day that's brighter,
More than weeping for happiness,
Peace found not just in joy, but in the quiet.
In the pain, when the heart aches,
A mouth to speak, a shoulder to lean,
Is darkness unwanted, or happiness overrated?
The space between, unseen.
Moments once lived, feeling nothing but alive,
Are they why the heart feels still?
Waiting for comfort, for something to thrive,
Not seeking happiness, but a space to heal.
Alone, I fear not—it's the silence of self I dread,
The feeling of losing what's truly mine.
This world, painted in black and white,
I try to fill it with colours, but grey is all I find.

—o—

Give the world the best you have and best will come back to you.

– Swami Dayananda Saraswati

Nature to Concrete



Anukrati Mishra
B.A. (Prog.) English + History , 3rd Year

As I sit by the sea shore
The fresh breeze that blows
Gently sweeps my hair,
I feel at peace and composed.

The lush green lands and meadows
Fill my soul with peace and humility,
Far away from the city's blare and echoes
That never rests in tranquillity.

I look through my window sill
The lovely moon, hangs so low
The night sky so bright and chill
The stars are bright and all aglow.

The sea that nurtures thousands
Now withers with plastic poison,
The fresh breeze of the lowland
No more fresh, reeks of pollution.

I feel my spirit wither with the sea
Inside the concrete walls of the city
No more sea, no more breeze,
Now the dust and pollution reigns.

No more warmth of the shore
Or the fresh sea water beneath
No more the lush green galore
Or the shrubs and the tree heath.

The stars are shy and shine less here
The sky full of dust dims their light
Fluorescent lights fill the urban sphere
No more cool nights and starlight

I stand still in this concrete world
Hearts of tar and gravel full
They neither feel nor smile aloud
Mechanical poise turns hearts dull.

Strength is Life, Weakness is Death.
Expansion is Life, Contraction is Death.
Love is Life, Hatred is Death.

– Swami Vivekananda

Terminal Point of Life



Khushi Singh
B.A. (Prog.) 3rd Year

I think of countless times
Where I reached the terminal point of life but still survived—
That now, it feels like I've borrowed extra days,
On interest.
And to pay the interest,
I carefully strip the skin from my decayed skull, every night.
I write poems with words
Sprawled unevenly over my body,
Full of grammatical errors.
I nurture the moths
Feeding upon my decayed soul.
Everything I do doesn't really make any sense—
But I still do it,
Just to be taken as alive.
For all it means to be alive
Is perhaps to show some movement—
Even if it's just taking a knife
And slicing apart your heart.
I am very afraid of showing the world
The debts over my life,
And asking them to pay my dues.
What if they declared me dead
Instead of asking me the amount?
I am surely not afraid to die—
But of being seen as dead.
Every dawn, I go to the motherland
And place a note in her underbelly, writing:
"Inability to pay the due—
My life is ready to be seized off."
But no action has yet been taken.
And now, as I sit down to question mankind:
How many times have they found themselves
At the termination point –
But still survived?
I ponder,
Did my note get misread
As: "Stretch the termination point
Every time I reach it , even if it makes my life full of debt?"

——o——

The main aim of education is to create human awareness so that they can understand the difference between the truth and untruth.

– Swami Dayananda Saraswati

Why Is Silence So Uncomfortable?



Harshit Yadav
B.Com. (Prog.), 1st Year

As Blaise Pascal once observed, “All of humanity’s problems stem from man’s inability to sit quietly in a room”.

Most people, normal people, would do just about anything to avoid the moments of silence. Some would scroll endless reels, some would listen to all sorts of music, some would text or call their loved ones. A constant stimulation of endless distractions and entertainment.

There’s no harm in that. In fact, it almost seems justifiable. In a world where value is determined by productivity and expressions, silence feels like disappearance. Invisibility, even. But is it really just entertainment? Or is it Anesthesia? I’d side with the latter one.

Have you ever wondered why? Why does silence feel like invisibility? Why does silence feel so…uncomfortable when you forget your headphones at home? These are the questions that revolve around my head when I can’t sleep. Is it the fear of self-confrontation? Or maybe, it is the absence of validation. The absence of escape.

Escape from what? ’Monsters?’ That’s what my younger self would ask. But no, not monsters. Escape from YOU. The real you, with all the glamour and pretense stripped away. The real you, with all the flaws you choose to neglect, the guilt you refuse to see, and the doubts you silence before they get too loud. And the inevitable, undeniable truth, that you’d rather silence these parts with music and podcasts than actually embrace them. It’s humbling, scary even, to realise who you really are.

But what if silence isn’t the enemy? What if it’s the only honest place left? A place where you don’t get unnecessarily validated, but some time to think twice about your actions.

Carl Jung would quote,

“People will do anything, no matter how absurd, in order to avoid facing their own souls.”

We often rush to fill gaps, interpreting silence as a discomforting judgement. But what if discomfort is growth? Not monetarily or physically, but emotionally.

A question I’d always ask people when I get the chance is, “What is it, that you’re so afraid to see? What scares you so much that you’d rather doomscroll for hours than sit with your own thoughts for just about 5 minutes?”. And the most common answer would be “Oh, it’s too boring. It gets too lonely.” Well, Jean-Paul Sartre would agree with me that ‘If you’re lonely when you’re alone, then you’re in bad company. If it gets too ‘boring’, then you’re too hollow of a person to form coherent thoughts.’

Being alone in silence can never be boring or lonely. My own guilt and regrets are deep enough to drown me for hours, and I’m just an eighteen year old boy. The revelations are so overwhelming, it almost seems grotesque. The realisations thick enough to choke upon. And the guilt…so strong it could put down a horse on it’s own. Sounds like a tragedy, but it isn’t. I’d rather live with my bitter truth than sweet delusions.

So, in the end, the answer to the question,

“Why Is Silence So Uncomfortable?” is rather very simple. And I’ll be much obliged to do the honour. It’s because, silence makes you see the real you, All of you. Not just the glittery parts, but the darkest trenches you’d bury deeper than twelve feet. But maybe sometimes that’s exactly what you need. A moment of pure silence where you put away your mobile and headphones, and hear the echoes of thoughts that you hid away somewhere in the trenches of your brain.

Maybe the problem isn’t the silence, maybe the problem is the fear of facing what the truth is.

The US-China Trade War and India's Response in a Fragmenting Global Trade System



Sarthak Kukreja
B.A. (H) Economics, 3rd Year

Despite being positioned to benefit from US-China tensions, India captured only modest gains as infrastructure deficits, and regulatory complexity undermined the country's export potential.

